26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025

अंक- 05 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# अंबाला एयरबेस से फाइटर प्लेन सूट पहन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भरी उड़ान, रचा इतिहास

**अंबाला ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला वायुसेना स्टेशन से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। उन्होंने एयरफोर्स की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संभावना है कि वह राफेल से अंबाला का चक्कर भी लगा सकती हैं। जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम के आयोजन और प्रोटोकॉल के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों व अन्य की जिम्मेदारी तय की गई है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि राष्ट्रपति दिल्ली से हवाई मार्ग के माध्यम से एयरफोर्स स्टेशन अंबाला छावनी पहुंचीं। सुरक्षा के लिहाज से एयरफोर्स स्टेशन के आसपास के इलाके में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई गई है। एयरफोर्स स्टेशन के अंदर किसी को भी मोबाइल ले जाने की परमिशन नहीं है। केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही एयरफोर्स स्टेशन में प्रवेश दिया गया है। भारत ने राफेल लड़ाकू विमान फ्रांस से खरीदे हैं। पहली खेप 27 जुलाई 2020 को मिली थी, जिसमें 5 राफेल विमान शामिल थे। ये विमान सबसे पहले अंबाला एयरबेस पहुंचे थे। उन्होंने फ्रांस के मेरिग्नैक एयरबेस से उड़ान भरी, संयुक्त अरब अमीरात के अल दफरा एयरबेस पर रुके और फिर भारत पहुंचे।

Now In Bijnor
Carrier
Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

## किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी...

# योगी सरकार ने 30 रुपये कुंतल बढ़ाया गन्ने का दाम

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गन्ना किसानों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने गन्ने के मूल्य में बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। गन्ने के मूल्य में प्रति कुंतल 30 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। नई घोषणा के अनुसार, अगेती प्रजाति के गन्ने का मूल्य 400 रुपये प्रति कुंतल तथा सामान्य प्रजाति के गन्ने का मूल्य 390 रुपये प्रति कुंतल किया गया है। प्रदेश सरकार के इस फैसले को गन्ना किसानों के लिए बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। यह घोषणा पेराई सत्र 2025-26 के लिए की गई है। गन्ना मूल्य वृद्धि से किसानों को 3000 करोड़ रुपये का अतिरक्ति भुगतान किया जाएगा। योगी सरकार ने दावा किया है कि 2017 से अब तक चार बार गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। बीते साढ़े 8 वर्षों में गन्ना किसानों को 2,90,225 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड भुगतान किया गया है। इसके पहले, 2007 से 2017 तक मात्र 1,47,346 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया था। पिछली सरकारों के 10 वर्षों की तुलना में 1,42,879 करोड़ रुपये अधिक भुगतान योगी सरकार में हुआ।

## व्यापारियों-उद्यमियों को जेल भेजने वाले 13 नियम खत्म किये

इसके पहले मंगलवार को प्रदेश सरकार ने उद्योग और व्यापार जगत के लिए बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश सुगम व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश-2025 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मंगलवार को



कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए पारित इस अध्यादेश के तहत राज्य में लागू 13 प्रमुख औद्योगिक व व्यापारिक अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त कर दिये गये हैं। अब अधिकांश मामलों में उद्यमियों और व्यापारियों को जेल भेजने की बजाय आर्थिक दंड और प्रशासनिक कार्रवाई की व्यवस्था लागू होगी। यह कदम ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देगा और प्रदेश में निवेश का माहौल और अनुकूल बनेगा। इस अध्यादेश के तहत कई पुराने प्रावधान, जिनमें मामूली उल्लंघन पर भी कारावास का प्रावधान था, अब हटाए जा रहे हैं। छोटे-मोटे तकनीकी उल्लंघनों पर अब जुर्माना या चेतावनी दी जाएगी।

**आवश्यकता है**

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। ( घरेलू कार्य के लिये )

सम्पर्क करें- 8191819148

ATHER
दीपावली के शुभ अवसर पर
बिजनौर में खुल गया है
ATHER
इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम



Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901

# थैलेसीमिया व टीबी रोगियों को पोटलियों का वितरण



**बिजनौर ( चिंगारी )**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में रेडक्रॉस सोसाइटी बिजनौर द्वारा आयोजित थैलेसिमिया, टीबी रोगियों को स्वास्थ्य वर्धक पोटली व दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल सहित सहायक उपकरणों का वितरण किया। जनपद में पहली बार सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु पांच बालिकाओं को वैक्सीन लगायी गई। कार्यक्रम में थैलेसीमिया के 75 एवं टीबी के 100 मरीजों को स्वास्थ्य वर्धक पोटलियों का वितरण जिलाधिकारी जसजीत कौर, कुनाल रस्तोगी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर उर्मिला, डा. शरण सिंह व सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर द्वारा किया गया। थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को खेल सामान की किट भी दी गई। पोटली वितरण से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद में सेवा का कार्य पूरी लगन से कर रही है तथा निरन्तर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों स्वास्थ्य शिविर व ब्लड डोनेशन कैम्प लगा रही है, जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन डा. सुबोधचन्द्र शर्मा व योगेन्द्रपाल सिंह योगी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों का स्वागत सोसायटी की बाइस चेयरमैन श्रीमती रचना कपूर, डायरेक्टर रोबिन कुमार, डा. विशाल, डा. एनपी सिंह, सुनील कुमार, संरक्षक महबूब द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में दस ट्राइसाइकिल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी व रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से वितरित की। इसके अतिरिक्त दिव्यांग व्यक्तियों को सुनने की 80 मशीन, वाकर, व्हीलचेयर व छड़ियों का वितरण किया गया।

# शिक्षकों को बैठक में बुलाकर काट दिया वेतन

## बीईओ की कार्यशैली को लेकर शिक्षकों में रोष

**नहटौर ( चिंगारी )**। खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार के एक क्लिक से 18 शिक्षकों के वेतन वृद्धि और पदोन्नति पर ग्रहण लग गया। मामले की जानकारी मिलते ही शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संकुल बैठक में गए शिक्षकों के स्कूलों की चैकिंग कर एक दिवसीय वेतन काटने की बीईओ द्वारा संस्तुति की गई है। शिक्षकों ने बताया कि 24 अक्टूबर को परिषदीय स्कूलों की संकुल बैठक का आयोजन हुआ था, जिसमें शासनादेश के अनुसार अनिवार्यता के रूप में शिक्षक प्रतिभाग करने के लिए गए थे। नहटौर ब्लॉक का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे खंड शिक्षा अधिकारी नहटौर दिनेश कुमार ने नसीबपुर जसमौरा के जूनियर हाईस्कूल, प्रा.वि. जसमौरा, कम्पोजिट स्कूल मिर्जापुर का निरीक्षण किया। स्कूल बंद दिखाते हुए तैनात सभी शिक्षकों का एक दिवसीय वेतन काटने की संस्तुति कर दी। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने संकुल बैठक में उपस्थित होने के साक्ष्य भी दिये, लेकिन वेतन काटने के मामले में उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। एक दिवसीय वेतन कटने के उपरांत बहाल न होने की स्थिति में संबंधित शिक्षकों की पदोन्नति एवं वेतन वृद्धि प्रभावित होगी, जिसको लेकर शिक्षक काफी परेशान हैं।

### जाएं या न जाएं, वेतन कटेगा?

**शिक्षकों का दावा है कि संकुल बैठक में उपस्थित होना शासन की ओर से अनिवार्य है। संकुल बैठक में उपस्थित न होने पर कुछ अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जाती है। वहीं नहटौर में संकुल बैठक में उपस्थित होने गए शिक्षकों के विरुद्ध भी वेतन काटने की कार्रवाई से शिक्षक परेशान हैं। यदि वह बैठक में जाएंगे तब भी वेतन कटेगा, नहीं जाएंगे तब भी कार्रवाई होगी। बीईओ दिनेश कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूल बंद मिले। शिक्षकों से साक्ष्य मांगे गये हैं। उनकी जांच की जायेगी, उसके बाद निर्णय लिया जाएगा।**

# मो. सुहैल के इंतकाल पर रंजोग़म का इज़हार किया



मौ. सुहैल का फाइल फोटो।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश शेख सुलेमान तथा वरिष्ठ अधिवक्ता शेख मौ. यासिर के भाई मौ. सुहैल (55 वर्ष) का बीमारी के चलते हुए इंतेकाल पर नगर व क्षेत्र में गहरा शोक छा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। मौ. सुहैल को उनके आबाई कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

स्थानीय मौहल्ला मुमताज हुसैन निवासी मरहूम शेख शफीक अहमद ठेकेदार के होनहार मिलनसार, समाजसेवी, रोजे नमाज के पाबंद, हंसमुख मौ. सुहैल पिछले करीब 2 माह से बीमार चल रहे थे। बीमारी के चलते मौ. सुहैल के हुए इंतेकाल पर पूर्व विधायक व मंत्री मूलचंद चौहान, सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरकोट कमरुल इस्लाम, नगीना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक त्यागी, वरिष्ठ अधिवक्ता जमशेद अहमद, दीपक जोशी, स्थानीय पालिका अध्यक्ष जावेद विकार, पूर्व पालिका अध्यक्ष शाहिदा इरशाद, पूर्व पालिकाध्यक्ष नफीस कुरैशी, प्रमुख समाजसेवी सत्यप्रकाश पवार, वफा सोशल ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफा, व्यापारी नेता रिजवान वफा, नगर व क्षेत्र के प्रमुख समाचार पत्र विक्रेता हाजी अख्तर सिद्दीकी, वरिष्ठ अधिवक्ता सीताराम पिपलया, पूर्व भाजपा नगरध्यक्ष विपिन कर्णवाल उर्फ बब्लू, समाजसेवी शेख मौ. जैद, पूर्व नगरध्यक्ष नईम माहीगीर, पूर्व प्रधान दर्शन सिंह रावत, सपा नेता सरदार मलकीत सिंह, प्रमुख दलित नेता रमेश सिंह राहसिया आदि ने उनके घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

# बंदरों ने दी घुड़की, लड़की सीढ़ियों से लुढ़की

## जवान लड़की की मौत से घर में शोक

बरुकी ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम शादीपुर में मंगलवार शाम बंदरों के आतंक ने एक किशोरी की जान ले ली। जानकारी के अनुसार, शाम करीब छह बजे फरहाना ( 17 ) पुत्री भौंदे अपनी मां के साथ घर पर थी। इस दौरान घर की छत पर बंदरों का एक झुंड आ धमका। बंदरों को भगाने के लिए फरहाना डंडा लेकर छत पर चढ़ गई, लेकिन तभी बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बचने के प्रयास में फरहाना घबराकर जीने की ओर दौड़ी और सीढ़ियों से लुढ़ककर नीचे गिर गई। परिजनों ने बताया कि उसके शरीर पर कोई गंभीर चोट नहीं थी, लेकिन संभवत: डर के कारण उसे दिल का दौरा पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार ने बिना पुलिस को सूचना दिये ही शव को दफना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शादीपुर, बरुकी और आसपास के कई गांवों में बंदरों के झुंड लोगों पर हमला कर चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत फैली हुई है। वन विभाग के रेंज अधिकारी अंशुमान मित्तल ने बताया कि ग्राम पंचायत बंदरों को पकड़वाने की व्यवस्था कर सकती है और विभाग इसमें पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ा जाए, ताकि किसी और अनहोनी को टाला जा सके।

# जगदीश सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि



बिजनौर ( चिंगारी )। जगदीश सिंह ने महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से वाणिज्य विषय में पीएचडी. की उपाधि प्राप्त कर ग्राम लालूवाला का नाम रोशन किया। साहू जैन ( पी.जी. ) कॉलेज, नजीबाबाद के वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर डॉ. परमिल कुमार के दिशा निर्देशन में डॉ. जगदीश सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक और आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में ऋण प्रबन्धन का तुलनात्मक अध्ययन में अपना शोध पूर्ण किया और यह बताया कि इस शोध से बैंकों को ऋण वितरण करने में सहायता किस प्रकार प्राप्त होगी और बैंक एन.पी.ए. से किस प्रकार बच सकते हैं। डॉ. जगदीश सिंह बजरंग इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता स्वर्गीय श्री लाला सिंह, माता स्वर्गीय श्रीमती श्यामो देवी, अपने गुरूजनों प्रो. ( डॉ. ) परमिल कुमार, प्रो. ( डॉ. ) मनीष गुप्ता, अपने भाई श्री मुन्नू सिंह एवं पत्नी श्रीमती अलका बजरंग को दिया।




# तेरहवीं संस्कार एवं श्रद्धांजलि सभा

जो इस धरा पर आया है, वह एक दिन वापस परम धाम को अवश्य जाता है। परंतु उसके कर्म, उसके संस्कार, और उसकी स्मृतियाँ सदैव हमारे साथ रहती हैं।

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय श्रीमान **योगेश्वर भटनागर** ( लोकतंत्र रक्षक सेनानी ) का स्वर्गवास 20-10-2025 को हो गया है।

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु तेरहवीं का कार्यक्रम 30-10-2025 को श्री नारायण दास रस्तोगी सरस्वती शिशु मन्दिर एवं बालिका इण्टर कॉलेज, किरतपुर में रखा गया है। आप सभी से अनुरोध है कि इस दुख की घड़ी में हमारे साथ शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दें।

**कार्यक्रम**

हवन एवं पूजा - सुबह 10:00 बजे
ब्रह्मभोज - दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी- श्रद्धांजलि सभा - दोपहर 02:00 बजे

शोकाकुल : समस्त भटनागर परिवार

# धामपुर शुगर मिल पर रेड

**धामपुर ( चिंगारी )।** आज प्रात: 6 बजे दिल्ली से धामपुर पहुंची आयकर विभाग की टीम ने धामपुर शुगर मिल पर अचानक रेड की, जिससे शुगर मिल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जिस समय आयकर विभाग की टीम धामपुर शुगर मिल पहुंची, उस समय मिल के अधिकतर अधिकारी सोये हुए थे।

इनकम टैक्स की टीम के साथ आए सीआईएसएफ के जवानों ने धामपुर शुगर मिल के मुख्य गेट तथा केमिकल प्लांट की ओर जाने वाले गेट पर ताला जड़ दिया। गेट पर



सीआईएसएफ के जवान तैनात कर दिये गये। सूचना पाकर जब मीडियाकर्मी मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी अंदर एंट्री नहीं दी गई। इसके अलावा ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों को भी बाहर ही रोक दिया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग एक दर्जन से अधिक अधिकारी शुगर मिल के अंदर मौजूद हैं, जहां वह मिल के दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। इस संबंध में जानकारी करने के लिए जब मिल के प्रशासनिक अधिकारियों को फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार

## घायल हो गये नजीबाबाद निवासी युवक चार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीती रात चरेख गांव से पहले एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गयी। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ तथा फायर सर्विस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जनपद बिजनौर के नजीबाबाद निवासी चार युवकों को टॉर्च की रोशनी में रेस्क्यू कर स्टेचर की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राज विक्रम सिंह ने बताया कि नजीबाबाद निवासी कुछ लोग टाइजर कार संख्या यूके 07 4165 से घूमने के लिए रामडी पुलिंडा की ओर जा रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। करीब 6:00 बजे थाने में सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत से चारों घायलों को निकालकर एंबुलेंस से उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस के अनुसार घायलों आमिर पुत्र निसार रामपुर नजीबाबाद, सलमान पुत्र हबीब सरवर कॉलोनी नजीबाबाद, नदीम अंसारी पुत्र अनीस अमान नगर नजीबाबाद, अमान पुत्र फैसल रमपुरा कॉलोनी नजीबाबाद शामिल थे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बढ़ाकर गन्ने का दाम, भाजपा सरकार ने किया शानदार काम- साकेन्द्र

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों का मुंह मीठा कराया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 30 रुपये कुंतल की बढ़ोत्तरी की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है। अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य 400 रुपये प्रति कुंतल और सामान्य प्रजाति का गन्ना मूल्य 390 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले को किसानों के लिये बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है।

गन्ना मूल्य वृद्धि की घोषणा होते ही जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर किसानों का जमावड़ा लग गया। साकेन्द्र प्रताप सिंह ने किसानों का मुंह मीठा कराया और कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। साकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पेराई सत्र शुरू होने से पहले ही गन्ना मूल्य में 30 रुपये की बढ़ोत्तरी करके भाजपा सरकार ने सिद्ध कर दिया कि उसे किसानों की कितनी चिंता है। इससे पहले सरकार ने धान के मूल्य में भी फसल आने से पहले बढ़ोत्तरी की थी।



# आलोक गोविल को पड़ा दिल का दौरा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार आलोक गोविल को दिल का दौरा पड़ने पर दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।



सीने में तेज दर्द होने पर आलोक गोविल को नगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां डा. अशोक चाहल ने उनकी जांच कर प्रारंभिक उपचार करके उन्हें हायर सेंटर जाने की सलाह दी थी। दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की जा रही है। आलोक गोविल ने डा. अशोक चहल की सराहना की है। चिंगारी परिवार आलोक गोविल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम वंश अग्रवाल था। अब मैंने बदलकर एकलव्य अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये। **-एकलव्य अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय संजय अग्रवाल निवासी मोहल्ला चाहशीरीं बी-21, बिजनौर**



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

भली लगे या बुरी ...

## भाजपा की आक्रामकता

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुत आक्रामक रूप से अपने हिंदुत्व एजेंडे को धार दे रही है तथा उसे आपरेशन सिंदूर, घुसपैठियों, लव जिहाद, धर्मान्तरण, राम मंदिर के विरोध, जनसंख्या संरचना में परिवर्तन के प्रयास आदि से जोड़ कर राष्ट्रवादी रंग भी दे रही है। भाजपा के सर्वोच्च नेताओं से लेकर सेना के बड़े-बड़े जनरल बार-बार 'आपरेशन सिंदूर' के केवल स्थगित रखने तथा 'आपरेशन सिंदूर 2.0' की बात कर जनता में राष्ट्रवादी भावनायें जगाने का प्रयास कर रहे हैं। इलेक्ट्रानिक मीडिया व प्रिंट मीडिया का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान में आतंकियों के एकजुट होने तथा भारत द्वारा संभावित सैनिक प्रतिक्रिया का हल्ला मचा कर एक प्रकार से 'युद्धोन्माद' पैदा करने में लगा है। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि यदि पाकिस्तान की ओर से कोई आतंकी कार्रवाई होती है तो भारत की जवाबी प्रतिक्रिया निश्चित रूप से 'आपरेशन सिंदूर' से भी खतरनाक व व्यापक होगी तथा बिहार के विधानसभा चुनाव के साथ ही भविष्य में होने वाले अन्य विधानसभा चुनाव भी इससे प्रभावित होंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसकी सहयोगी जदयू तथा चिराग पासवान की पार्टी 'करो या मरो' की भावना से मैदान में है और वे चुनाव जीतने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। पिछले महीनों में नीतीश कुमार ने लगभग खजाने का मुंह खोल दिया है और 125 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा के साथ ही हाल में लगभग सवा करोड़ महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये की पहली किश्त डाली गई है। इसके अलावा अनेक योजनाओं की धनराशि तथा पेंशन राशि में भी वृद्धि की गई है। नीतीश की इन घोषणाओं के जवाब में राजद नेता तेजस्वी यादव ने हर परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने, संविदा व्यवस्था समाप्त कर सबको सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी तेजस्वी यादव ने अपनी सरकार बनने पर 20 लाख नौकरियों का आदेश पहली कैबिनेट बैठक में करने का बहुत प्रचार किया था, लेकिन उनको पराजय का मुंह देखना पड़ा था। ऐसे में देखना होगा कि इस बार उनकी घोषणा का कितना असर होता है

# कलंकित होते रिश्ते




▶▶सत्यवीर सिंह मुनि

मानव समाज की सबसे मजबूत इकाई परिवार होती है और उस परिवार की आत्मा होते हैं रिश्ते- मां-बेटे का स्नेह, भाई-बहन का विश्वास, पिता-पुत्री का संरक्षण और दादा-पोते का स्नेह। लेकिन आज के समाज में ये पवित्र रिश्ते कलंकित हो रहे हैं। कभी लालच, कभी वासना, कभी नशाखोरी और कभी सोशल मीडिया की अश्लीलता के कारण वे रिश्ते, जिनका आधार निश्छल प्रेम और त्याग था, अब अपराध और स्वार्थ की अंधी गली में भटक रहे हैं। यहां कुछ सच्ची घटनाओं का उल्लेख है।

### मां का दानवी रूप

कुछ समय पहले भोपाल से एक हृदय विदारक ख़बर सामने आई थी, जहां एक मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही दो मासूम बच्चों की हत्या कर दी। वजह थी कि बच्चे प्रेमी को पसंद नहीं थे। यह घटना सिर्फ एक मां का अपने मातृत्व से विमुख होना नहीं थी, बल्कि यह रिश्तों की मर्यादा के चिथड़े उड़ाने वाली सच्चाई थी, जो मां अपने आंचल से हर दु:ख को ढक लेती है, वही मां जब संकीर्ण इच्छाओं और अश्लील सम्बन्धों के मोह में पड़कर रिश्ते तोड़ देती है, तो यह समाज के नैतिक पतन की सीधी चेतावनी है।



### भाई ही बना हैवान

पटना में कुछ वर्ष पूर्व एक किशोरी ने अपने ही भाई के विरुद्ध बलात्कार का आरोप लगाया था। जांच में पुष्टि हुई कि भाई द्वारा बहन को मोबाइल पर पोर्न दिखाकर कई महीनों तक मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया। यह घटना बताती है कि जब अश्लीलता और सोशल मीडिया की विकृत सामग्री नाबालिगों तक पहुंचती है, तो वे अपने ही खून के रिश्तों को कलंकित करने लगते हैं। यह मामला केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा की कमी और डिजिटल अनियंत्रण का स्पष्ट संकेत है।

### नशे की गिरफ्त

पंजाब के एक गांव में एक भाई-बहन जो ड्रग्स की लत के शिकार थे, नशे के पैसे के लिए अपनी मां के जेवर बेचते रहे और अंतत: पिता की हत्या तक कर डाली। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर वायरल 'ड्रग्स चैलेंज' से प्रेरित होकर ये दोनों पहले स्मैक और फिर हेरोइन तक पहुंच गए। यह परिवार नशे की बलि चढ़ गया। यहां रिश्ता सिर्फ खून का नहीं टूटा, एक पूरा घर बर्बाद हो गया।

### रिश्तों का नया दुश्मन

सोशल मीडिया आज समाज को जोड़ने का माध्यम बन चुका है, परंतु इसकी अनियंत्रितता रिश्तों को भी तोड़ने लगी है। अनेक केसों में यह देखा गया है कि बेटा अपनी मां को, पति अपनी पत्नी को और भाई अपनी बहन को उनके मोबाइल पर मिले गैर जरूरी चैट्स या सोशल मीडिया फॉलोइंग के कारण शक की निगाहों से देखने लगता है। इसका परिणाम कभी-कभी आत्महत्या, तलाक, और यहां तक कि हत्या तक पहुंचता है।

### रिश्ते कलंकित होने के कारण

★ नशाखोरी युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर अपने ही परिवार पर हाथ उठाने लगी है। नशे में इंसान रिश्ते और संस्कार भूल जाता है। ★ अश्लीलता और पोर्नोग्राफ़ी, इंटरनेट पर बिना फिल्टर की उपलब्धता ने किशोरों को विकृत मानसिकता की ओर धकेल दिया है। ★ पारिवारिक संवाद की कमी, अब माता-पिता और बच्चों के बीच खुलकर संवाद नहीं होता, जिससे बच्चे अपनी समस्याओं को गूगल या यूट्यूब से सीखते हैं। ★ संस्कारों का ह्रास, जीवन-मूल्यों की शिक्षा अब केवल किताबों तक सीमित रह गई है। घर में नैतिकता की बात करना पुराना समझा जाता है।

### समाधान की ओर कुछ कदम

अब समय आ गया है कि हम इन रिश्तों की पुनर्परिभाषा करें- संस्कार, संवाद और सतर्कता के माध्यम से। हर माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को इंटरनेट की सही और गलत जानकारी का फर्क समझाएं, समय निकालकर उनसे संवाद करें और रिश्तों की गरिमा का वास्तविक अर्थ समझाएं। स्कूलों में नैतिक शिक्षा को अनिवार्य किया जाए और नशा उन्मूलन अभियान केवल प्रचार तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो। समाज को चाहिए कि वह रिश्तों की गरिमा बनाए रखने के लिए कठोर कानूनों से अधिक मजबूत सामाजिक चेतना विकसित करे।

### निष्कर्ष

रिश्ते जन्म से मिलते हैं, लेकिन उन्हें निभाना और पवित्र बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यदि आज हम चुप रहे, तो कल हमारे अपने बच्चे भी इन कलंकित रिश्तों का हिस्सा बन सकते हैं। आइए, सामाजिक जागरूकता, नैतिकता और संवाद की शक्ति से इन टूटते रिश्तों को फिर से जोड़ने का प्रयास करें, क्योंकि रिश्ते ही हमारी पहचान हैं।

# अहंकार है अनेक बुराइयों की जड़



मनुष्य को एक सामाजिक प्राणी कहा जाता है। इसीलिए ही संभवत: उसके अन्दर समाज में व्याप्त अनेक बुराइयां अपना घर बना लेती हैं, जिनमें अहंकार का स्थान सबसे ऊपर रहता है। यदि मनुष्य के हृदय से अहंकार समाप्त हो जाये तो अन्य वृतियां अपने आप समाप्त हो जायेंगी। यदि यह कहा जाये कि मनुष्य में व्याप्त सभी बुराइयों की जड़ अहंकार ही होता है, तो गलत नहीं होगा। जब मनुष्य बाल्यावस्था में होता है, तो उसे अहंकार छू तक नहीं पाता, लेकिन जैसे-जैसे वह बड़ा होता जाता है वैसे-वैसे उसके अंदर अहंकार बढ़ने लगता है। यदि कोई धनाढय परिवार का सदस्य होता है, तो उसमें धन का अहंकार हो जाता है, कोई उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेता है, तो उसमें शैक्षिक अहंकार आ जाता है और यदि कोई व्यक्ति उच्च पद प्राप्त कर लेता है, तो उसे अपने पद का अहंकार हो जाता है और जब मनुष्य के अंदर अहंकार की भावना आ जाती है, तो वह अपने से कम स्तर वाले व्यक्ति को हेय तथा अपने से तुच्छ समझने लगता है। हालांकि वह यह अच्छी तरह जानता है कि रावण, कंस, हिरण्यकश्यप, दुर्योधन का अन्त उनके अन्दर व्याप्त अहंकार के कारण ही हुआ था। हालांकि उन सबके परिजनों ने उन्हें अहंकार को त्यागने की कई बार सलाह दी, लेकिन उनके अहंकार के नशे में चूर होकर उन्होंने किसी की नहीं मानी और अन्तत: अपने अहंकार के कारण ही वह दुनिया से विदा हो गये। वैसे यदि देखा जाये तो अहंकार स्वयं में कुछ भी नहीं है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा है। यदि कोई व्यक्ति इसे अपने हृदय से निकालना चाहे तो वह इसे एक दम से नहीं निकाल सकता। हां इसे थोड़ा-थोड़ा करके कम जरूर कर सकता है। लेकिन यदि हृदय में थोड़ा सा भी अहंकार शेष है, तो वह ईश्वर द्वारा प्रदत्त सुखों का पूरा आनन्द प्राप्त नहीं कर सकता। यदि मनुष्य अपने अन्दर व्याप्त काम, क्रोध, लोभ आदि वृतियों को निकालना चाहे तो वह सिर्फ अहंकार की भावना को ही हृदय से निकाल दे तो ये सारी वृतियां स्वयं ही मनुष्य के हृदय से निकल जायेंगी। क्योंकि इस वृतियों का आधार स्तंभ अहंकार ही होता है, इसलिए मनुष्य को चाहिये वह कभी भी अपने हृदय में अहंकार न पाले और सबके साथ अपनत्व का व्यवहार करके सादगी के साथ अपना जीवन व्यतीत करें।

▶▶सुरेन्द्र कुमार कपूर
कपूर कोल डिपो बिजनौर (उ.प्र.)

# गंगा स्नान मेले में पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा : डीएम

## गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है कार्तिक पूर्णिमा का मेला : साकेन्द्र

**बिजनौर( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को विदुर कुटी गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्वक और सुविधाजनक रूप से संपन्न करने के लिए विदुर कुटी स्थित पुस्तकालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं, सुरक्षा व मेले में सफाई की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे तथा वॉच टावर भी स्थापित करें।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप चौधरी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला पौराणिक धार्मिक पर्व है, जो हमें गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे लगने वाले इस मेले की शुरुआत तम्बुओं से होती है, इसलिए इसे 'तंबुओं का शहर' भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और बैरीकेडिंग आदि द्वारा वाहनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शौचालय की सुविधाओं के लिये अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर को आवश्यक निर्देश निर्गत किया जा चुका है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु चौधरी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विकास मिश्रा, सिंचाई, स्वास्थ्य, अग्नि सुरक्षा, पुलिस तथा पंचायतराज सहित अन्य विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।



### मेले में पांच बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल

**जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा मेले के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, सर्च लाइट सहित टॉवर्स स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के अंतर्गत एनडीआरएफ टीम मेला स्थल पर ही मौजूद रहेगी। इसके अलावा गोताखोर सहित और शक्तियों की भी पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर पांच बिस्तरों का अस्थाई अस्पताल स्थापित किया गया है, जो श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 24 घंटे संचालित रहेगा।**

# बिजनौर गोल्डेन लायनेस ने दीपोत्सव मनाया, कढ़ी-चावल का भंडारा किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डेन लायनेस क्लब मेन बिजनौर ने स्थानीय मंदिर में धूमधाम से दीवाली उत्सव मनाया। भगवान की मूर्तियों के सामने दीयों एवं रंगों से खूबसूरत रंगोली बनायी गई। भजन गाकर वातावरण को रंग रोशनी एवं सुमधुर ध्वनि का अद्भुत संगम बना दिया। इसके बाद सदस्यों ने हाथों में जलते हुए दीये लेकर नृत्य भी संयुक्त रूप से किये। इसके बाद मंदिर के बाहरी हिस्से में कढ़ी-चावल का भंडारा किया। भगवान को चढ़ाए गये भोग मीठे को भी लोगों में वितरित किया गया। भंडारे के अंतिम चरण में सदस्यों द्वारा लायी गई फुलजड़ी, रोशनी वाला पटाखा एवं चकरी को भी सभी ने उत्साह से जलाया। अध्यक्ष आशा अग्रवाल सचिव विनीता रघुवंशी ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए खूबसूरत कंगन उनके हाथों में पहनाए। इस अवसर पर पीडीसीपी अरूणा मित्तल, डिस्ट्रिक्ट मेंटेर रमा मेहरोत्रा, कमेटी चेयरपर्सन अर्चना राजपूत ने सभी का उत्साह बढ़ाया। गोल्डेन लायनेस क्लब सिटी बिजनौर से प्रोजेक्ट हेड किरण अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। क्लब सदसयों में वरिष्ठ सदस्य डा. नीता सिंह, बीना खन्ना, प्रभा सिंह, कमलेश चौहान, डा. संतोष गुप्ता, अंशुल खेड़ा, रेखा अग्रवाल इत्यादि का सहयोग अतुलनीय रहा।



# विवेक यूनिवर्सिटी के छात्र आदित्य का एडुक्यू कंपनी में चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय सदैव अपने छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा, प्रशिक्षण एवं उद्योग आधारित अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के छात्र आदित्य चौधरी ने अपनी मेहनत, लगन और कौशल के बल पर प्रतिष्ठित कंपनी एडुक्यू प्रा. लिमिटेड में चयनित होकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। प्रो. कुलाधिपति दीपक मित्तल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय के छात्र देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और यह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है। सलाहकार अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक विकास पर बल देता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संचार कौशल और नेतृत्व गुणों के विकास के लिए भी निरंतर कार्यरत है। कुलपति प्रो.(डॉ.) एन.के. गुप्ता ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय सदैव अपने छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तत्पर है।



# महिला के बैग से उड़ाये थे जेवरात, चार शातिर चोर आये पुलिस के हाथ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** थाना कोतवाली शहर बिजनौर पुलिस ने महिला के बैग से सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए आभूषण और नकदी बरामद की है।

मुहल्ला बुखारा निवासी आकिब ने 18 अक्टूबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पत्नी के बैग से अज्ञात लोगों ने सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए। जांच के दौरान पुलिस ने सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से चार लोगों की पहचान की और फुरकान पुत्र अब्दुल गफूर निवासी कस्बा झालू, इकबाल पुत्र समी, शादाब पुत्र इस्लाम निवासीगण ग्राम भोगनवाला तथा राकेश पुत्र देवीचंद निवासी मोहल्ला सिविल लाइन को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फुरकान से एक जोड़ी कान की झुमकी (पीली धातु) और 2000 रुपये नकद, इकबाल से एक पेंडिल (पीली धातु) और 1700 रुपये नकद, शादाब से एक अंगूठी (पीली धातु) और 2,000 नकद और सर्राफ राकेश से एक कान की झुमकी (पीली धातु) और 1500 रुपये नकद बरामद किये।



शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि चारों अभियुक्त चोरी की घटना में शामिल थे और जेवरात बेचने की फिराक में थे। बरामद माल की पहचान पीड़ित परिवार ने कर ली है।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025**

मेष- प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, आत्मविश्वास में वृद्धि, कुछेक मसला सुलझने की ओर, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, मनोरंजन में प्रवृत्ति, आर्थिक प्रगति।

वृषभ- समस्याओं से अशांति, प्रेम संबंधो में मनमुटाव, कर्ज की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति, साहसिक प्रयास निरर्थक, धर्म के प्रति रुचि।

मिथुन- सामयिक सिद्धि का प्रयास, प्रियजनों से विचार-विमर्श, शारीरिक सुख, व्यक्ति विशेष के संदर्भ में स्वयं का निर्णय लाभप्रद, विवाद की निवृत्ति।

कर्क- महत्वपूर्ण योजना पर कार्यारम्भ, सामाजिक गतिविधियो में अभिरुचि, आपसी सामंजस्य, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, कार्यक्षमता में वृद्धि।

सिंह- व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, सद्विचारों का उदय, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, आत्मिक शांति, मनोरंजन की ओर रुझान, आनन्द की अनुभूति।

कन्या- मनोबल की कमी, स्वास्थ्य में शिथिलता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, यात्रा में निराशा, विरोधी प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत।

तुला- व्यावसायिक सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मानसिक शांति, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- ग्रहयोग बेहतर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सुसमाचार मिलने से खुशी, परिवार में सुख-शांति का माहौल, शुभ कृत्य संपादित, धर्म में रुचि।

धनु- वांछित प्रगति का मार्ग प्रशस्त, पुरातन विवाद का समापन, मौज-मस्ती में व्यय, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातवरण, आकस्मिक लाभ।

मकर- कार्य-व्यवसाय में परेशानी, आर्थिक पक्ष से असंतोष, आत्मीय जनों से अनबन, शारीरिक कष्ट, पठन-पाठन में अरुचि, आपसी संबंधों में वैमनस्यता।

कुम्भ- आरोग्य सुख, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, स्वयं का निर्णय हितकर, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, ज्ञान-विज्ञान की ओर अभिरुचि, यात्रा प्रसंग।

मीन- सामयिक सिद्धि का प्रयास, इच्छित पद की प्राप्ति, पारस्परिक संबंधों में मधुरता, आनन्द की अनुभूति, व्यापारिक लाभ, अध्ययन की ओर रुचि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# गंगा स्नान मेले की तैयारी, जोर-शोर से जारी

## जेसीबी सुधार रही रास्ता, समस्याओं से न पड़े वास्ता

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। स्थानीय गंगा स्नान मेले के मार्ग को चौड़ा करने के लिये मंगलवार को खेतों से गन्ना कटवाया गया। जबकि जेसीबी मशीन से गंगा की प्रथम धारा पर पाइप डालकर मार्ग निर्माण किया गया है।

नांगल सोती में कार्तिक पूर्णिमा पर ऐतिहासिक एवं पौराणिक गंगा स्नान मेला लगता है। 5 एवं 6 नवम्बर को लगने वाले दो दिवसीय मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गंगा की प्रथम धारा से पूर्व पड़ने वाले बाहे पर मिट्टी डालकर रास्ता तैयार किया गया है। गंगा घट्टी के समीप बस्ती के पानी को रास्ते में जाने से रोकने के लिये रेत में कच्ची नाली बनाई गई है। सोमवार को उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बाहे तक पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया था। गंगा की प्रथम धारा से दूसरी धारा के मध्य स्थित मार्ग को चौड़ा करने के लिये रास्ते के किनारे स्थित खेतों से गन्ना कटवाया गया है। रास्ते को जेसीबी मशीन द्वारा समतल कराया जा रहा है। समिति सदस्य वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि लगातार तेजी से कार्य कराया जा रहा है। समय रहते सभी कार्य पूरे कर लिये जायेंगे। मेला संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध कराने का प्रयास है। मेला स्थल पर प्रकाश की व्यवस्था करने, पेयजल हेतु हैंडपंप लगाने, मुख्य द्वार बनाने, कैम्प लगाने, महिला स्नान घाट बनाने, बींडा डालने आदि कार्यों के ठेके दे दिये गये हैं।



गंगा की प्रथम धारा पर पाइप डालकर बनाया गया मार्ग



## पीएचसी की टीम ने ऋतिक की मौत की जानकारी जुटाई, कैम्प में इक्का-दुक्का ने ही ली दवाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। पीएचसी नजीबाबाद से ग्राम चमरौला पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भाकियू के जिला सचिव सुनील कुमार से उनके पुत्र की मृत्यु के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा गांव में शिविर भी लगाया गया, मगर इक्का-दुक्का व्यक्ति ही नज़ला-ज़ुक़ाम, खांसी की दवा लेने पहुंचे। ज्ञातव्य है कि क्षेत्र के ग्राम चमरौला निवासी भाकियू (टिकैत) के जिला सचिव सुनील कुमार के पुत्र ऋतिक सहरावत (22 वर्ष) की 26 अक्टूबर की रात्रि में मेरठ के एक हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई थी। ऋतिक को दीपावली से बुखार आ रहा था, इससे पहले बिजनौर तथा चंदक में उसका उपचार कराया गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में मांगेराम सिंह के आवास पर कैम्प लगाया, मगर बुखार से पीड़ित कोई व्यक्ति दवाई लेने नहीं पहुंचा। कैम्प में केवल इक्का-दुक्का व्यक्तियों ने ही नज़ला-ज़ुक़ाम, खांसी की दवा ली। टीम में मौजूद डा. गौरव कुमार तथा डा. कौनैन अली ने बताया कि आशा ने पूरे गांव में जाकर जानकारी प्राप्त की है। पूरे गांव में मात्र एक महिला बुखार से पीड़ित है। उन्होंने बताया कि परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर ऋतिक की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

## कांग्रेस ने सरदार पटेल को कभी सम्मान नहीं दिया- डॉ. बीरबल सिंह



भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक में मुख्य अतिथि डॉ. बीरबल का स्वागत करते पदाधिकारी।

**नगीना ( चिंगारी )**। भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक में सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. बीरबल सिंह ने सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर विस्तार से चर्चा की। पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि स्वतंत्र भारत को एक माला में पिरोने वाले सरदार पटेल को कांग्रेस ने हमेशा हाशिए पर रखा। सरदार पटेल जिस सम्मान के हकदार थे, कांग्रेस ने वह सम्मान उन्हें कभी नहीं दिया। क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल ने 562 रियासतों का भारत संघ में सफलतापूर्वक विलय कराया, जिससे उन्हें लोह पुरुष कहा जाता है। इस अभियान के विधानसभा संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में रंगोली, चित्रकला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरदार पटेल के विचार व उनके जीवन की जानकारी लोगों तक पहुंचेगी। जनभागीदारी के लिए विधानसभा में 8 किलोमीटर की एक पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य लोगों को संगठित करना होगा। बैठक में रजनी कालरा, पूर्व विधायक सतीश गौतम, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, मण्डल अध्यक्ष अंजली मित्तल, महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, नीरज विश्नोई, भूरे सिंह, कय्यूम राइन, सौरभ मित्तल आदि मौजूद रहे।

# कहीं अजगर , कहीं गुलदार, एक गौवंश को दिया मार

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। कल सुबह जहां एक घर की छत पर अजगर घूमता पाया गया था, वहीं गत रात्रि गुलदार ने बस्ती से सटी एक पशुशाला में घुसकर बछिया को मार डाला और उसे बाजरे के खेत में ले जाकर निवाला बना लिया। नांगल सोती के पश्चिमी छोर पर स्थित मुहल्ले के निवासी सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी की पशुशाला बस्ती से सटे खेत में बनी हुई है। गत देर शाम हेमेन्द्र का सहयोगी देवेन्द्र भोजन करने के लिये पशुशाला से घर पर गया था। रात्रि 8 बजे वह वापस पशुशाला पर पहुंचा, तो उसने पाया कि 6-7 माह की बछिया (गौवंश) अपने स्थान पर नहीं थी। पास में ही खून पड़ा हुआ था। गुलदार बछिया को मारकर चंद कदमों की दूरी पर स्थित बाजरे के खेत में खींचकर ले गया था। घटना की सूचना राजगढ़ रेंज के रेंजर को दिये जाने पर मौके पर वन दरोगा शुभम और वन रक्षक मौ. इरफान पहुंचे वनकर्मियों ने गुलदार को पकड़ने के लिये खेत में पिंजरा लगाने की बात कही है।

### गुलदार पर, पिंजरा बेअसर

पिछले कुछ समय में क्षेत्र के गांवों पूंडरी खुर्द, तिसोतरा, चमरौला, गौसपुर, जीतपुर, सौफतपुर, मायापुरी, जालपुर आदि में रिजर्व फोरेस्ट और सामाजिक वानिकी ने पिंजरे लगाये हैं, मगर किसी भी पिंजरे में कोई गुलदार नहीं फंसा है। जबकि गुलदार आयेदिन किसी न किसी गांव में देखा जा रहा है तथा राहगीरों, जानवरों पर हमले कर रहा है। गुलदार पिछले एक वर्ष में कई पालतू पशुओं को निवाला बना चुका है तथा कई इंसानों एवं पशुओं को घायल कर चुका है। गुलदार वन विभाग की सोच से कहीं आगे की सोचता है। गुलदार पिंजरे के आसपास घूमता रहता है, मगर पिंजरे के अंदर नहीं फंसता है। बाद में वन विभाग वहां से पिंजरा हटा लेता है।

# रूट डायवर्जन से रोडवेज को हानि, यात्रियों को परेशानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** घटते लोड फैक्टर और सवारियों की कमी से जूझ रहे रोडवेज के सामने अब ट्रैफिक पुलिस के डायवर्जन ने नई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। शहर के व्यस्त शास्त्री चौक से रोडवेज बसों की आवाजाही पर ट्रैफिक पुलिस ने रोक लगा दी है, जिससे नजीबाबाद, नगीना और चांदपुर रूट की बसों को मजबूरन चक्कर रोड से होकर निकलना पड़ रहा है।

शास्त्री चौक पर दिन में लगने वाले जाम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने तीन दिन पूर्व नजीबाबाद व नगीना जाने वाली सभी रोडवेज व प्राइवेट बसों पर शास्त्री चौक से जाने पर रोक लगा दी है, जिससे सभी बसों को रोडवेज से जजी चौक होते हुए चक्कर रोड से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिससे रोडवेज की यात्रियों की संख्या में कमी आ रही है। नजीबाबाद व नगीना जाने वाली अधिकांश सवारियां शास्त्री चौक से ही बसों में बैठती हैं। बसों के शास्त्री चौक से न गुजरने से यात्रियों को परेशानी के साथ-साथ रोडवेज को भी कम सवारियों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बसों के रूट बदलने से यात्रियों को अब पहले से अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है, जो यात्री पहले शास्त्री चौक या उसके आसपास बस पकड़ते थे, अब उन्हें दूर चक्कर रोड, सेंट मेरी चौक या रोडवेज डिपो तक जाना पड़ रहा है। दैनिक यात्री विभोर गोयल, अनुभव रस्तौगी, मौ. फुरकान एड., महफूज अहमद का कहना है कि उन्हें ई-रिक्शा से वहां तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है, जिससे यात्रा खर्च बढ़ गया है।



### अनुबंधित बस संचालकों ने जताई नाराज़गी

रूट डायवर्जन से सबसे ज्यादा परेशानी अनुबंधित बस संचालकों को हो रही है। उनका कहना है कि पहले से ही यात्रियों की संख्या कम है, ऊपर से रूट बढ़ने से डीजल की खपत और समय दोनों बढ़ गए हैं। एक अनुबंधित संचालक ने कहा हमसे कहा गया कि अब बसें चक्कर रोड से निकलेंगी। न तो कोई लिखित आदेश मिला, न कोई वैकल्पिक व्यवस्था। यात्रियों को भी असुविधा हो रही है और हमारी आमदनी पर भी असर पड़ा है। उन्होंने इसकी शिकायत क्षेत्रीय प्रबंधक से की है।

### डायवर्जन की मौखिक जानकारी

एआरएम बिजनौर अशोक कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन की मौखिक जानकारी दी है। कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया है। रूट डायवर्जन से दूरी लंबी हो गई है और यात्री भी कम हो गए हैं। रूट बदलने से संचालन प्रभावित हुआ है।

### ट्रायल किया गया है

ट्रैफिक प्रभारी रवि नैन ने बताया कि जजी से शास्त्री चौक तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिसको लेकर एक सप्ताह के लिए बसों का ट्रायल किया गया है। सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बसों को चक्कर रोड से निकाला जा रहा है, जिसके तीन दिन पूरे हो गए हैं। ट्रायल सफल होने पर ही इसे लागू किया जाएगा।

# सेंट मैरी स्कूल में हुआ इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट




**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर में पांचवां इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया गया, जिसके संयोजक फादर जैक्सन रहे।

टूर्नामेंट में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से 9 स्कूलों के 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में 13 टीम सीनियर वर्ग में और 10 टीम जूनियर वर्ग में शामिल रहे। टूर्नामेंट का प्रारंभ फादर ज़ोमी जोश, टूर्नामेंट संयोजक फादर जैक्सन, विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू, प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी, उपप्रधानाचार्या सिस्टर जेनी, रैफरी फादर शेरिन, जोशी, सुजाता भंडारी और पिछले वर्ष के विजेता अंशी खालको द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुआ। मुख्य अतिथि बिजनौर डायोसिस शिक्षा सोसायटी के सचिव फादर जोमी जोंस ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। वहीं रैफरी फादर शेरिन, फादर जिमी और जोशी (दिल्ली से) ने निष्पक्षता से टूर्नामेंट का संचालन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डी.डी.पी.एस. के प्रधानाचार्य राजीव थॉमस उपस्थित रहे। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिव्या रमोला और रिद्धिमा रमोला (चम्बा), द्वितीय स्थान मिहिका राठी और यशिता टंडन (बिजनौर), तृतीय स्थान मनाली सिंह और सौम्य राणा (बिजनौर) ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान श्रेया रमोला और अंशी खालको (चंबा), द्वितीय स्थान आरुषि गोदियाल और वैदेही (घनसाली), तृतीय स्थान हर्षिता सती और अनंता रावत (पौड़ी) ने प्राप्त किया। बेस्ट प्लेयर सीनियर वर्ग में अनंता रावत (पौड़ी) और जूनियर वर्ग में दिव्या रमोला (चंबा) रही। फादर जोमी जोशी ने प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। स्कूल प्रबंधक फादर शाजू ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। वहीं डी.डी.पी.एस. के प्रधानाचार्य राजीव थॉमस ने सभी को भविष्य में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# टेंशन में थी मुस्कान फांसी लगाकर दी जान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम गोयली में एक विवाहिता का शव घर में पंखे से लटका मिला। ग्राम निवासी शुऐब की 22 वर्षीय पत्नी मुस्कान ने लगभग डेढ़ माह पूर्व बच्ची को जन्म दिया था। घर के काम के लिए मुस्कान की बहन मंतशा भी उसके पास रह रही थी। मंगलवार को मुस्कान ने अपने घर में पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मुस्कान की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुस्कान का विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व हुआ था।



मुस्कान का फाइल फोटो

# अवैध खनन ध्वस्त कराया विरोध करने कोई नहीं आया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** अब्दुल अहद खां मेमोरियल स्कूल के पास अवैध रूप से निर्माण की जा रही कालोनी को राजस्व और नगर पालिका ने ध्वस्त करा दिया। किरतपुर के मोज़ा तकरबपुर इसराज खेड़ी के खसरा नम्बर 395 में पट्टे की 950 मीटर जमीन पर अवैध रूप से कालोनी का निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की थी। कल शाम उपजिलाधिकारी नजीबाबाद के आदेश पर कानूनगो सुरेश चंद, लेखपाल आलोक यादव व नगर पालिका परिषद के प्रधान लिपिक हसन मुस्तफ़ा पुलिस फोर्स तथा जेसीबी लेकर अवैध रूप से बन रही कालोनी पर पहुंचे और निर्माण को ध्वस्त करा दिया। कानूनगो सुरेशचंद छिमवाल ने बताया कि उक्त कालोनी के निर्माण की कोई परमिशन नहीं ली गई थी। अवैध कालोनी का निर्माण किसने कराया है इसकी जानकारी नहीं है, क्योंकि अवैध निर्माण को गिराते हुए किसी ने विरोध नहीं किया और कोई सामने भी नहीं आया है।



# मनचले के डर से, लड़की नहीं निकल पा रही घर से

## पीड़िता की मां ने की एसपी से शिकायत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सरकार बेटियों को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए मिशन शक्ति अभियान चला रही है। जिला पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने का काम कर रही है। इसके बावजूद एक नाबालिग छात्रा ने मनचले के डर से स्कूल जाना छोड़ दिया है। लेकिन मनचला अब भी उसका पीछा नहीं छोड़ रहा, वह उसके परिजनों को डरा धमका रहा है। पीड़ित नाबालिग की मां ने एसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। शहर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

स्थानीय मोहल्ला मिर्दगान बी-11 निवासी एक महिला ने मंगलवार को एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर में कक्षा 7 की छात्रा थी। मोहल्ले का ही साहिल उसे काफी समय से रास्ते में रोकता, पीछा करता और उससे छेड़छाड़ करता था। बार-बार की घटनाओं से परेशान होकर उन्होंने अपनी बेटी को स्कूल भेजना तक बंद करा दिया था। आरोप है कि साहिल ने उनकी बेटी की कुछ एडिट की हुई फर्जी तस्वीरें बनाकर इंस्टाग्राम पर 'लव यू' लिखकर वायरल कर दीं, जिससे उनकी बेटी की बदनामी हो रही है। आरोप है कि 23 अक्टूबर 25 की रात वह अपनी छोटी बहन के साथ मोहल्ले में ही पंसारी की दुकान से सामान लेने गई थी, तभी रास्ते में साहिल और उसका भाई शब्बू पीछे लग गए। आरोप है कि साहिल और उसके भाई ने उसे उठाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। इस संबंध में शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सोलंकी ने मामले की जानकारी कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### एक साल पहले की थी शिकायत

**पीड़िता की मां का कहना है कि एक वर्ष पूर्व उन्होंने इस संबंध में जाटान चौकी पर शिकायत भी की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। कार्रवाई न होने से आरोपी के हौसले बुलंद हो गए हैं।**

# परिवार चलाने के लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर होना जरूरी : गुलाबो देवी

## नूरपुर में महिला सम्मेलन का आयोजन



शिक्षामंत्री गुलाबो देवी का स्वागत करतीं आकांक्षा चौहान।



कार्यक्रम में मौजूद मंत्री गुलाबो देवी व ब्लॉकप्रमुख आकांक्षा चौहान

**नूरपुर (चिंगारी)।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम में आकांक्षा चौहान ने शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी को सम्मानित किया।

मंगलवार को विकास खण्ड के शहीद रिक्खी सिंह, परवीन सिंह सभागार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अन्तर्गत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाबो देवी का ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षामंत्री व महिला मोर्चा की क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अचला व भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र बॉबी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। भूपेन्द्र चौहान (बॉबी) ने अपने सम्बोधन में महिला सशक्तिकरण के बारे में बताते हुए देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुएं निर्मित करने व उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जनपद बिजनौर में बनी स्वदेशी वस्तुओं की देश के साथ-साथ विदेशों में भी मांग है।

शिक्षामंत्री गुलाबो देवी ने अपने सम्बोधन में देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है और परिवार चलाने का कार्य देश की महिलाओं द्वारा किया जाता है। परिवार चलाने के लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर होना होगा, जिसके लिए महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में जुड़कर स्वदेशी वस्तुएं निर्मित कर अपनी आजीविका चलाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में सहयोग करना है। कार्यक्रम में अचला सिंह ने कार्यक्रम में भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प कराया। अंत में संयोजिका ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री को भारत को विकसित भारत बनाने का रास्ता आत्मनिर्भर भारत होने से होकर जाता है। जनपद बिजनौर में विदुर ब्रांड के अन्तर्गत स्वदेशी दैनिक उपयोग की वस्तुओं का निर्माण कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विकास खण्ड में कार्यरत एडीओ आईएसबी सलीम अहमद, नीरज कुमार, रंजीता, दीपक आदि ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला मोर्चा की सम्मानित महिलाओं, भारी संख्या में मौजूद क्षेत्र की महिलाओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में उनका हार्दिक धन्यवाद किया।

### कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति रही

कार्यक्रम का संचालन अनामिका जैन ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कमलेश सैनी, रश्मि रावल, मोनिका यादव, चेयरपर्सन बिजनौर इंदिरा सिंह, संगीता अग्रवाल, कविता चौधरी, अनीता चौहान, रजनी कालरा, रचना पाल, समाजसेवी राशु चौहान, बीडीओ दिनेशपाल शर्मा, रेखा रानी, मोनिका चौहान, दीपक कुमार, गौरव कुमार, रीतिसूदन, लोकेश कुमार, राजकुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव, मुनेश देवी, जावेद अख्तर, छोटन ब्लॉक मिशन प्रबन्धक, सोमराज सिंह, भावना, बाला, बीना, मंजू, सुनीता, अनीता, निशा, ज्योति आदि भारी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लें!



## खेल महोत्सव में थाना प्रभारी का आह्वान

**शेरकोट (चिंगारी)।** ग्राम घोसियोवाला के निकट मैदान में न्याय पंचायत हाफिजाबाद की ओर से एक दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया।

इस दौरान थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक संकुल इस्तेहसान अहमद, नरेंद्र सिंह, संजीव कौशिक एवं ब्लॉक अध्यक्षा अर्चना सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुए कार्यक्रम का संचालन मयंक कुमार चौहान ने किया। कार्यक्रम के शुरू में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उसके बाद खेल प्रशिक्षक जोगिंदर सिंह, बीना, संजू देवी, राजीव कुमार के नेतृत्व में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, खो-खो, कबड्डी, जिम्नास्टिक, वॉलीबॉल फुटबॉल आदि विभिन्न स्पर्धाओं में 14 स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करने वाले मासूम, अलफिया, नौमान, आर्यन, खुशी, यशोदा, अलिशा, अयान, स्वाति, दीपांशी, निशा, अविनाश आदि छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा मेडल एवं सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। खेलों के सफलतापूर्वक आयोजन में उर्मिला देवी, खालिद, रामप्रसाद, संगीता देवी, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमित सिसौदिया, मोहित कुमार, ललिता सिसौदिया, उपासना शर्मा, मानस्वी राजपूत आदि का सहयोग रहा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# किसी बच्चे की जान न जाये चली नष्ट करो दो 'मौत की फली'

## सीडीओ से मिले दिगम्बर सिंह




सीडीओ को पेमाड़ की फली दिखाते हुए दिगम्बर सिंह।

**बिजनौर (चिंगारी)। इससे पहले की कसौंदी (पेमाड़) की फली खाकर कोई मासूम बच्चा काल के गाल में समा जाए, किसान नेता दिगम्बर सिंह, सीडीओ पूर्ण बोरा से मिले और स्कूलों के रास्तों से लेकर गांव में तैयार हो रही मौत की फली को नष्ट कराने की मांग की।**

भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने कहा कि गांव और स्कूलों के रास्तों व खेत खलिहानों में कसौंदी का पेड़ तैयार हो जाता है और उस पर आने वाली फलियों को बच्चे नासमझी में खा लेते हैं। कसौंदी की फली का सेवन करने से बच्चों की जान तक चली जाती है। दिगम्बर सिंह ने कहा कि पिछले सालों में काफी बच्चे कसौंदी की फली खाकर काल के गाल में समा चुके हैं। यह जानलेवा फलियां हैं और गांवों में आसानी से बच्चों के हाथ लग जाती हैं। दिगम्बर सिंह इस समस्या को लेकर सीडीओ पूर्ण बोरा से मिले और उन्हें इस समस्या से अवगत कराया। दिगम्बर सिंह ने सीडीओ से कहा कि इस समय कसौंदी के पेड़ पर फल आया हुआ है। इससे पहले कि जिले में किसी बच्चे की जान जाए इन मौत के पौधों को नष्ट कराया जाना चाहिए। दिगम्बर सिंह ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने तुरंत मामले को संज्ञान लेते हुए डॉक्टर से बात करके यह माना कि यह वास्तव में बच्चों के लिए खतरनाक है। सभी ग्राम पंचायत में अभियान चलाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देशित किया गया है इसे लेकर पूरी तरह अलर्ट रहें।

# धड़ल्ले से आ रहा सामान, सरकार को हो रहा राजस्व का नुकसान

## बसों में बना रखे हैं चैम्बर, उनमें सामान लाते भरकर

**नहटौर ( चिंगारी )।** सामान लाने के लिए न ई वे बिल की जरूरत है न ट्रांसपोर्ट की टेंशन। अनधिकृत तौर पर नहटौर से दिल्ली जाने वाली बसों से प्रतिदिन लाखों रुपए का सामान की बिना बिल या आधे अधूरे बिल के साथ नगर में खपत हो रही है। किसानों के ट्रैक्टर-ट्राली तक चैक करने वाली जांच टीम दिल्ली की बसों में रखे सामान को चैक नहीं करती है।

दिल्ली से आने वाली प्राइवेट बसों से टैक्स चोरी करके प्रतिदिन लाखों रुपए का माल नहटौर ही नहीं, बिजनौर जिले भर के बाजारों में खपाया जाता है। ऐसा नहीं कि अधिकारियों की यह जानकारी में नहीं है। उक्त बसों से दिल्ली के बाजार से रेडीमेड कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक, कल पुर्जे, दवाइयां



आदि के साथ-साथ अन्य सामान भी टैक्स चोरी करके प्रतिदिन लाया जाता है। सूत्रों का दावा है कि दिल्ली से आने वाली बसों की तिजोरी बने चैंबर में रखे सामान पर वाणिज्य कर विभाग अधिकरियों की नज़र नहीं पड़ती है। जिस पर बस संचालकों के भी हौसले बुलंद हैं और धड़ल्ले से टैक्स चोरी करके वह सामान को निरंतर ला रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली बस के नीचे चेंबर बने होते हैं, जो कई बार नशीले और अवैध सामान को अवैध कोरियर के रूप में लाती है, जिसकी पूर्व वर्षों में हुई चैकिंग में पुष्टि हुई थी। इन बसों में सवारी से ज्यादा बिना बिल का सामान लाया जाता है।

### टूरिस्ट परमिट की आड़ में संचालित है बसें

**नहटौर से दिल्ली के लिए प्रतिदिन एक दर्जन बसें अलग-अलग समय में संचालित होती हैं। जिन्हें स्थानीय बोलचाल की भाषा में भले ही डग्गामार कहा जाता हो, लेकिन उक्त सभी बसों का टूरिस्ट परमिट बना हुआ है। बसों के टूरिस्ट परमिट होने की पुष्टि स्वयं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई है। जिसके आधार पर उन्होंने दावा किया है कि जिले में डग्गामार बसों का संचालन नहीं होता है।**

## दो ट्रकों की टक्कर में चार लोग घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर में चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस द्वारा सीएचसी धामपुर भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग डेढ़ बजे हाईवे पर स्थित मुबारकपुर कुंडा के पास दो ट्रकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे ट्रकों में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना केमरी जनपद रामपुर निवासी मौ. साहिल और रियाजुद्दीन करनाल से काशीपुर की ओर जा रहे थे, जब ये मुबारकपुर कुंडा के निकट पहुंचे तो सामने से आते ट्रक से उनकी टक्कर हो गई। अफजलगढ़ की ओर से आ रहे ट्रक में जितेंद्र कुमार



निवासी रुड़की और अलीम नाम का एक व्यक्ति सवार था। इस घटना में चारों लोग घायल हो गए और ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से उन्हें उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेज दिया और दोनों दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। एसआई गौरव कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। गौरतलब है कि भूतपुरी के निकट रामगंगा पुल पर मरम्मत का काम चलने के कारण हाईवे पर ट्रैफिक वन-वे चलाया जा रहा है। इसके चलते ही ट्रकों के बीच आमन-सामने से टक्कर हुई।

## शराब मांग रहा था उधार फायरिंग करने पर गिरफ़्तार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** उधार शराब न देने पर सेल्समैन पर गोली चलाने वाले अभियुक्त को पुलिस ने तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया है। 25 अक्टूबर निकटवर्ती ग्राम बूढ़पुर के ठेके पर सेल्समैन रूपेंदर से निकटवर्ती ग्राम सुवाहेड़ी के डब्बल उर्फ आशु व उसके एक साथी ने उधार शराब देने को




कहा, न देने पर डब्बल ने तमंचे से फायरिंग कर दी और फरार हो गए थे। हलका दरोगा जगपाल सिंह ने बताया कि कल रात गश्त के दौरान डब्बल उर्फ आशु को तीन सौ पन्द्रह बोर के तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## फ्रिज में घुसे सांप का किया रेस्क्यू

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी सागर अग्रवाल के घर में अचानक कहीं से सांप आ गया। सांप की आहट होने पर परिजनों ने शोर मचा दिया। सांप फ्रिज में घुस गया, जिसे निकालने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं



मिली। फ्रिज में सांप देखकर परिजन दहशत में आ गये। सर्पमित्र बी.भास्कर ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। दो फीट लंबाई का सांप ढोरिया प्रजाति का है। यह पानी में पाया जाता है।







# किसान नेताओं ने बताया 'ऊंट के मुंह में ज़ीरा'

**रूकन राजपूत**

नांगल सोती। दो साल बाद ही सही सूबे की योगी सरकार ने राज्य परामर्शित गन्ना मूल्य ( एसएपी ) में 30 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि करके किसानों को अगले वर्ष होने जा रहे पंचायत चुनाव तथा विधानसभा चुनाव 2027 के लिये साधने का प्रयास किया है। वर्ष 2023 में गन्ना मूल्य में मात्र 20 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि होने तथा पिछले वर्ष कोई वृद्धि न होने से किसानों में सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही थी। हालांकि अधिकतर किसान नेता इस मूल्य वृद्धि को 'ऊंट के मुंह में जीरा' करार दे रहे हैं।

किसानों की नाराजगी , अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव तथा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए आज योगी सरकार ने राज्य परामर्शित गन्ना मूल्य में 30 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि कर दी है। गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 370 से बढ़कर 400 रूपये तथा सामान्य प्रजाति का रेट 360 से बढ़कर 390 रूपये प्रति कुंतल किया गया है।

## बढ़ोत्तरी नाकाफी

भाकियू ( टिकैत ) के पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव दिनेश कुमार का कहना है कि महंगाई को देखते हुए गन्ने के रेट में हुई बढ़ोतरी नाकाफी है। 3 वर्ष में 30 रु. प्रति कुंतल की बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक जैसी लगती है। गन्ने का भाव कम से कम 450 रु. प्रति कुंतल घोषित किया जाना चाहिये था।



दिनेश कुमार



महिपाल तोमर



कुलवीर सिंह



अवनीश कुमार



अजय बालियान 'गुड्डू'

भाकियू ( अराजनैतिक ) के ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर सिंह का कहना है कि रेट बढ़ाने के लिये सरकार का धन्यवाद है , मगर महंगाई वृद्धि दर की तुलना में गन्ना मूल्य वृद्धि काफी कम है।

राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य बढ़ाया गया , जो अच्छी बात है , परन्तु महंगाई के दृष्टिगत 30 रु. की वृद्धि कम है। सत्र शुरू होने से पहले मूल्य में वृद्धि करना सरकार का किसान हित में उठाया गया कदम है।

भाकियू ( टिकैत ) के ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार तथा जिला उपाध्यक्ष अजय बालियान % गुड्डू % का कहना है कि सरकार की गन्ना मूल्य वृद्धि उत्पादन लागत की तुलना में % ऊंट के मुंह में जीरा % समान है।

## किसान हितैषी फ़ैसला

**गन्ना मूल्य वृद्धि पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल का कहना है कि 30 रु. प्रति कुंतल की वृद्धि सरकार का किसान हितैषी कदम है। भाजपा सरकार ने एक बार साबित किया है कि किसान हित उनके लिये सबसे ऊपर है। किसान हित को सर्वोच्च स्थान देने के लिये पीएम मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी का दिल से धन्यवाद है।**



# मछुआ समुदाय को साज़िश के तहत ओबीसी में शामिल किया गया- संजय निषाद

### आधुनिक ढंग से मछली का व्यापार करने के लिए दी जा रही ट्रेनिंग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने प्रदेश की पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उक्त सरकारों में मछुआ समुदाय को ठगने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान भाजपा सरकार मछुआ समुदाय के उत्थान के लिये विभिन्न योजनाएं चला रही है।

जनपद के दौरे पर आये मंत्री श्री निषाद ने पीडब्लूडी के डाकबंगले में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार मछली पालन से लेकर विभिन्न तरीकों से मछली के व्यापार में लगे लोगों के लिये लोन की विभिन्न योजनाएं चला रही है। मछली के व्यापार में लगे लोगों को प्रशिक्षण देकर आधुनिक ढंग से मछली पालन व व्यापार करना सिखाया जा रहा है। मंत्री श्री निषाद ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मछली का कारोबार करने वालों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाये। उन्होंने बताया कि जनपद में 1200 से अधिक लोगों को तालाबों के पट्टे दिये गये हैं। इनमें से अधिकतर लाभार्थी मछुआ समुदाय के हैं। मंत्री श्री निषाद ने बताया कि उन्होंने जनपदीय अधिकारियों को हिदायत दी है कि जिन तालाबों पर अवैध कब्जे हैं, उन कब्जों को हटाया जाये। मनरेगा के तहत तालाबों पर काम कराकर पात्र लोगों को पट्टे दिये जायें। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्रतिबंधित मछलियों का शिकार न करने देने के कड़े निर्देश दिये गये हैं। शिकारियों पर कड़ी कार्रवाई के लिये कहा गया है। मंत्री श्री निषाद ने ये भी बताया कि मछुआ समुदाय के बच्चों के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य व शादी आदि के लिये भी अनुदान देने की योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं।



एक प्रश्न के उत्तर में डॉ. संजय निषाद ने उत्तर प्रदेश की पूर्व सरकारों (सपा-बसपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा-बसपा ने मछुआ समुदाय के लोगों को ठगने का काम किया है। पूर्व सरकारों ने मछुआ समुदाय को पिछड़ी जाति में शामिल कर दिया, जबकि इस समुदाय के लोग अनुसूचित जाति में आते हैं। उन्होंने कहा कि मछवार व तुराह जाति जो मछुआ समुदाय से ही आती है। वह अनुसूचित जाति में दर्ज है, लेकिन पूर्व सरकारों ने साजिश के तहत मछुआ समुदाय की अन्य जातियों को पिछड़ी जाति में शामिल कर दिया। श्री निषाद ने कहा कि उनकी पार्टी मछुआ समुदाय की सभी जातियों कश्यप, निषाद, मल्लाह, केवट, बिंद, भर व राजभर आदि को अनुसूचित जाति में शामिल करायेगी। संगठन के सम्बंध में पूछे जाने पर मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि प्रदेश में उनकी पार्टी मजबूत स्थिति में है। सभी जनपदों में संगठन पूरी ताकत के साथ कार्य कर रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में निषाद पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निषाद, जिलाध्यक्ष नवीन कश्यप, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक कश्यप, मण्डल अध्यक्ष महीपाल सिंह आदि भी शामिल रहे।

# नींद के दौरान सांस रुकना हो सकता है खतरनाक

### -डॉ.वीरेंद्र सिंह ने बताये स्लीप एप्निया के खतरे



बिजनौर (चिंगारी)। कैलाशवती मेमोरियल हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह ने 'स्लीप एप्निया' नामक बीमारी के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि यह बीमारी जान भी ले सकती है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि स्लीप एप्निया का अर्थ है नींद के दौरान कुछ समय के लिए सांस का रुक जाना, जो बार-बार होता रहता है। यह एक गंभीर नींद विकार (Sleeping Disorder) है, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। डॉ. सिंह के अनुसार, स्लीप एप्निया तीन प्रकार का होता है—ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया, जो सांस के रास्ते में रुकावट की वजह से होता है सेंट्रल स्लीप एप्निया, जिसमें मस्तिष्क सांस लेने वाली मांसपेशियों को संकेत नहीं भेज पाता। मिक्स्ड एप्निया, जिसमें दोनों प्रकार के लक्षण पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के दौरान रोगी को तेज खर्राटे, नींद में सांस के लिए छटपटाना, दिन में नींद या सुस्ती रहना, और काम में मन न लगना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि अगर इसका इलाज समय रहते न कराया जाए, तो इससे दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ जैसी गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि स्लीप स्टडी (Sleep Study) के ज़रिए इस रोग का पता लगाया जा सकता है, जिसमें नींद के दौरान सांस रुकने की बारंबारता (AHI इंडेक्स) मापी जाती है। उन्होंने बताया कि हल्के मामलों में वजन कम करना, नियमित व्यायाम करना, और नशे से दूर रहना जैसे उपाय कारगर होते हैं। जबकि गंभीर रोगियों के लिए सीपीएपी थेरेपी (CPAP Therapy), ओरल डिवाइस, या सर्जरी जैसे इलाज उपलब्ध हैं।डॉ. सिंह ने चेतावनी दी कि अगर स्लीप एप्निया का इलाज न कराया जाए, तो रोगी की आयु लगभग 10 वर्ष तक कम हो सकती है। उन्होंने कहा कि 'यह बीमारी केवल नींद की नहीं, बल्कि दिल और दिमाग के स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्या है, इसलिए इसे नज़रअंदाज़ न करें।'

## दबंगों ने नाली पर बना लिया चबूतरा

बिजनौर (चिंगारी)।यहां बैराज रोड स्थित काशीराम कॉलोनी में कुछ दबंगों ने सरकारी नाली न बनने देने के लिए नाली के ऊपर अवैध रुप से चबूतरा बना लिया कब्जा कर लिया है जिससे नाली का कार्य रुका हुआ है। दूसरी ओर जल निकासी न होने से लोग परेशान हैं। और निकलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है इस सब का कारण की यही दबंग लोग हैं। उक्त दबंग सरकारी पार्क व रास्ते में भी पशु बांधे रखते हैं।पशुओ की गंदगी व बदबू से भी लोग परेशान हैं। यदि कोई व्यक्ति शिकायत करता है तो यह लोग पुलिस से मिलकर झूठे मुकदमे लगवा देते हैं । इनके कहने पर कुछ युवक दारू पीकर महिलाओं से बदतमीजी करते हैं। आए दिन कॉलोनी में झगड़ा करते रहते हैं। कॉलोनी निवासी कमलेश कुमारी, बामणी देवी, उषा व बबीता देवी आदि ने बताया कि वे आला अफसरों तक से शिकायत कर चुकी है लेकिन कहीं सुनवाई नहीं होती।



# पत्नी को ससुराल से लेने जा रहा युवक कार की टक्कर से घायल

## पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

नजीबाबाद (चिंगारी)। बाइक पर पत्नी को लेने ससुराल जा रहा युवक कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी रिजवान पुत्र अब्दुल रशीद नजीबाबाद से कल्हेड़ी अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल जा रहा था, इसी दौरान हर्षवाड़ा कासमिया इंटर कॉलेज के समीप युवक की बाइक में पीछे से कार ने जोर टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर घायल होकर बेहोश हो गया। वह करीब 30 मिनट तक गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़ा रहा। वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार ने मानवता का परिचय देते हुए गंभीर हालत में पड़े युवक को हरिद्वार रोड स्थित पूजा हॉस्पिटल में भर्ती कराया। घायल युवक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देते हुए घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों को घायल युवक ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सफेद रंग की कार चालक उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की वीडियो भी दिखाई जिसमें साफ देखा जा रहा है की कार तेजी के साथ युवक का पीछा कर रही है। पुलिस ने परिजनों से वीडियो लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सैनिक के परिवार पर हमले में कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस

नजीबाबाद (चिंगारी)। न्यू लक्ष्मी नगर निवासी हेमेंद्र कुमार ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा कि वह सीमा सुरक्षा बल बंगाल में नौकरी करता है। मंगलवार की शाम करीब 7 बजे वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घूमने निकले थे। तभी रोड पर खड़े करीब पांच-सात लड़कों जिन्होंने शराब पी रखी थी उनकी लड़की के बारे में आपत्तिजनक बात कही। उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त लड़कें अन्य काफी लड़कों को लेकर उनके घर पर हमला करने आ गये। जिसकी रिकार्डिंग उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में है। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

# जांच में फर्जी मेडिकल रिपोर्ट का खुलासा, रेडियोलॉजिस्ट को नोटिस जारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट द्वारा एक झगड़े के मामले में सिर में फैक्चर होने की फर्जी रिपोर्ट देने का मामला प्रकाश में आया है। नगर के मौहल्ला कलालान निवासी इरशाद अहमद ने कहा कि उसके बेटे अरशद उर्फ आशु का विवाह साल 2015 में नजीबाबाद की पालोमल कॉलोनी निवासी एक युवती से हुआ था। वह उसके बेटे के साथ नहीं रहना चाहती थी। जिसे लेकर घर में कलह रहती थी। बाद में वह अपने पिता के घर जाकर रहने लगी तथा नजीबाबाद थाने में झूठे तथ्यों के आधार पर उसके व परिवार वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। रिपोर्ट में 12 मई 2022 को शाम छह बजे मारपीट की बात करते हुए नजीबाबाद के स्थान पर कोतवाली देहात के एक डॉक्टर से मेडिकल कराया। जिसमें सिर की चोट का एक्सरे लिखवा लिया। 13 मई 2022 को जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बीआर त्यागी ने एक्सरे करते हुए सिर में फन्टल बोन में फन्टल साइनस व फेक्चर दर्शाया। इस रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा धारा 308 आईपीसी में तरमीम हुआ। पीड़ित पक्ष के अनुसार उन्होंने युवती व उसके परिजनों के साथ मारपीट नहीं की, न ही वह उनके घर गए थे। उन्होंने इसकी शिकायत मुरादाबाद मंडल आयुक्त से की। मंडलायुक्त ने एडी मुरादाबाद को टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त के निर्देश पर गठित चिकित्सकों के बोर्ड की टीम की जांच में इसका खुलासा हुआ है। जिसके बाद सीएमएस को दूसरे पक्ष का पक्षकार बनाते हुए पीड़ित पक्ष ने सीजेएम कोर्ट में उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन किया है, जिस पर कोर्ट ने उन्हें सुनवाई के लिए तलब करने को नोटिस जारी किया है।

## महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट का मुकदमा दर्ज

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के गांव मुस्वीखानपुर उर्फ चौगांवा निवासी एक महिला ने नजीबाबाद थाने में तहरीर देकर कहा कि गांव के ही विवेक कुमार पुत्र गजेंद्र सिंह ने उसके अश्लील फोटो खीच लिये हैं। आरोप है कि जब उसने इसकी शिकायत की तो उक्त विवेक, उसकी माता मंजरा व पिता गजेंद्र ने आकर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच कर महिला के पुत्र को मारने की धमकी दी। बताया कि महिला घर से बाहर कहीं आती जाती है तो युवक विवेक उसका पीछा करता तथा विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाता है। अभी पूर्व में भी विवेक ने महिला के घर में घुसकर महिला का फोन तोड़ दिया था। पीड़ित महिला ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# वालिया ग्लोबल एकेडमी में की गई बच्चों के दांतों की जांच




नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी में कोडिनेटर चंचल चावला के निर्देशन में बच्चों के दांतों की सुरक्षा के लिए एक विशेष दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय दंत चिकित्सक अनुपमा चन्द्रा व डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ बच्चों के दांतों की जांच की। बच्चों को दाँतों की सही देखभाल के सही उपाय बताएं गये। डॉक्टर ने बच्चों को दो बार ब्रश करने व मीठा न खाने की सलाह दी। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने दंत चिकित्सकों का अभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि इस तरह के शिविर, बच्चों में स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

# सेंट मेरीस में पिकनिक का माहौल बनाया, नन्हे-मुन्नों ने खूब आनंद उठाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विद्यालय परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय होम पिकनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे छोटे बच्चों ने खूब आनंद लिया। विद्यालय परिसर में बच्चों को पिकनिक स्पॉट जैसा माहौल देने के लिए खेल के मैदान को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। मिक्की माउस, वाटर गेम, डांस, जंपिंग गेम, झूले आदि एक्टिविटी का बच्चों ने खूब आनंद लिया। कॉलेज स्टाफ ने बच्चों को झूलों पर झुलाया तथा कई प्रकार की एक्टिविटी कराई। छोटे-छोटे बच्चों ने डांस भी किया। टीचर्स ने कहानियां सुनाकर बच्चों के साथ पिकनिक को ज्यादा आनंदित व रोमांचित बना दिया। प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ झूले पर झूलकर आनंद उठाया। विद्यालय के प्रबंधक जोस आलूकल, प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को एक पिकनिक जैसा माहौल मिलता है। दूर दराज न जाकर छोटे-छोटे बच्चों को विद्यालय परिसर में ही पिकनिक मनाने का मौका मिलता है। बच्चों में प्रेम भावना विकसित होती है, वह एक दूसरे के प्रति सामाजिक रूप से जुड़े रहते है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्या सिस्टर शांता, शिक्षक मुकुल राठी, बबीता गोयल, पूजा भारती, हिबा सैफी, संध्या शर्मा, मानसी आदि स्टाफ मौजूद रहे।



# अब्दुल्ला के कुरान हिफ्ज करने पर दस्तारबंदी की गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज स्थित हीरा इंटरनेशनल स्कूल में एक बच्चे का हिफ्ज-ए-कुरान मुकम्मल होने पर दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के मौहला मुनीरगंज निवासी छात्र अब्दुल्ला पुत्र सलीम ने कुरान-ए-पाक हिफ्ज किया है। कार्यक्रम का आगाज तिलावत-ए-कुराने पाक से हुआ। जिसके बाद उलमा ने हाफिज बनने की फजीलत पर बयान पेश किया। कार्यक्रम में मालेगांव से



तशरीफ लाए मौलाना उमरैन ने कहा कि आज के दौर में जहां लोग अपने बच्चों को केवल दुनियावी तालीम में मशगूल रखते हैं, वहीं यह जरूरी है कि उन्हें दीनी तालीम भी दी जाए ताकि उनकी दुनिया व आखिरत दोनों संवर सकें। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर मौलाना मौ. ईसा ने कहा कि जो बच्चा हाफिज-ए-कुरान बनता है, वह अपने घर वालों की मगफिरत का जरिया बनता है। हीरा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को इंग्लिश, हिंदी, उर्दू व अरबी के साथ कुरान की तालीम भी दी जाती है ताकि वह दीनी व दुनियावी दोनों इल्म में माहिर बन सकें। स्कूल प्रबंधक यूसुफ आदिल खान ने कहा कि हीरा इंटरनेशनल स्कूल की यही कोशिश रहती है कि उनके यहां पढ़ने वाले बच्चे सिर्फ इल्म में ही नहीं बल्कि अखलाक व तहजीब में भी मिसाल बनें। अब्दुल्ला ने जो मुकाम हासिल किया है, वह पूरे स्कूल परिवार के लिए खुशी की बात है। कुरान हिफ्ज करने पर हाफिज अब्दुल्ला को दस्तार पहनाकर दुआएं दी गई। मौलाना सलीम की निजामत में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना असलम, मौलाना नायाब, मौलाना अकरम, मौलाना गुफरान, चेयरमैन इंजी. मुअज्जम, महमूद कुरैशी उर्फ भोलू आदि मौजूद रहे।


# नेकी व इंसानियत को जिंदगी का मकसद बनायें: उमरैन महफूज रहमानी

## जामा मस्जिद में दीनी इजलास का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला पठानपुरा स्थित जामा मस्जिद में दीनी व समाजी इजलास को खिताब करते हुए मौलाना मौ. उमरैन महफूज रहमानी ने कहा कि गुरूर करने वाले लोग अल्लाह की नजर में गिर जाते हैं। नेकी व इंसानियत तथा दीन से मौहब्बत करने वाले लोगों के लिए जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं। इजलास में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड महाराष्ट्र के सेक्रेटरी मौ. उमरैन महफूज रहमानी ने मुस्लिमों से कुरान की हिदायतों पर अमल करने, घमंड से दूर रहने, नेकी व इंसानियत को मकसद बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दीन को अल्लाह ने बनाया है। अल्लाह को गुरूर करने वाले लोग पसंद नहीं है। उन्होंने मुस्लिमों से अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम दिलाने व मोबाइल से दूर रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल का सही इस्तेमाल न किये जाने से यह समाज में बिगाड़ पैदा कर रहा है। उन्होंने सभी से बुराईयों छोड़कर अच्छाईयों को अपनाने तथा समाज में अच्छे कार्य करने पर जोर दिया। इजलास का आगाज मौलाना इब्ने हसन ने कुरान की तिलावत से किया। अब्दुल वासिद ने नात पेश की। इजलास में जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मौ. ईसा, नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, मौलाना मोहम्मद असलम, मुफ्ती अरशद कासमी, मुफ्ती असरार, मौलाना मौ. अकरम, मौलाना लियाकत, मुफ्ती सज्जाद, मुफ्ती मो. अरशद आदि मौजूद रहे।

# एआई की याददाश्त को बढ़ाने पर दिया जा रहा है जोर





**कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई ) के क्षेत्र में बड़ी तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। ओपन-एआई, गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसे इसके प्रमुख खिलाड़ी बाजारों में अपनी एआई रणनीतियों को गति दे रहे हैं। आइए आज बीते पखवाड़े के महत्वपूर्ण एआई ट्रेंड्स पर एक नजर डालते हैं।**

**ओपन-एआई का नया कोडिंग एजेंट:** ओपन-एआई ने कोडेक्स (Codex) नामक एक नया एआई कोडिंग एजेंट लॉन्च किया है, जो कोड लिखने, डिबगिंग और कोडबेस से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने जैसे कार्यों को संभाल सकता है। यह कोडेक्स-1 मॉडल पर आधारित है और चैटजीपीटी के Pro, Team, और Enterprise यूजर्स के लिए उपलब्ध है। कोडेक्स का उद्देश्य डेवलपर्स की उत्पादकता बढ़ाना और कोडिंग प्रक्रियाओं को अधिक कुशल बनाना है।

**मेटा का Behemoth मॉडल टला:** मेटा प्लेटफॉर्म ने अपने उन्नत एआई मॉडल "Behemoth' की रिलीज को स्थगित कर दिया है, जो Llama AI सूट का हिस्सा है। रिलीज को स्थगित इसलिए किया गया है, ताकि मॉडल की क्षमताओं में सुधार किए जा सकें। इस देरी के कारण मेटा के स्टॉक में 2.4 फीसदी की गिरावट आई है और कंपनी की एआई टीम में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें लगाई जा रही हैं।

एआई में मेमोरी क्षमताओं का विकास ओपन-एआई, गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रमुख एआई कंपनियां अपने एआई सिस्टम्स में मेमोरी क्षमताओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। इसका उद्देश्य यूजर पार्टिसिपेशन को बढ़ाना और इंटरैक्शन को अधिक व्यक्तिगत बनाना है। उदाहरण के लिए, ओपन-एआई का चैटजीपीटी और मेटा का चैटबॉट अब पिछले वार्तालापों को याद रख सकते हैं, जबकि गूगल का जेमिनी यूजर्स की सर्च हिस्ट्री को रेफर कर सकता है।

**यूएई में दुनिया का सबसे बड़ा एआई कैंपस:** संयुक्त अरब अमीरात ने अमेरिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई कैंपस बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कैंपस अबू धाबी में स्थित होगा और इसमें हर साल एन्वीडिया के पांच लाख नवीनतम एआई चिप्स तक की पहुंच होगी।




**भारत में एआई सुरक्षा संस्थान की स्थापना: भारत सरकार ने एआई मॉडल्स के नैतिक और सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक एआई सुरक्षा संस्थान की स्थापना की घोषणा की है। यह संस्थान भारतीय सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता पर आधारित अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा और भारतीय डेटासेट्स पर आधारित होगा।**

एआई ह्यूमनॉइड रोबोट्स में 20 अरब डॉलर का निवेश चीन ने अपने मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बदलने के लिए एआई-संचालित ह्यूमनॉइड रोबोट्स का उपयोग करना शुरू कर दिया है। AgiBot और MagicLab जैसे स्टार्टअप्स सरकारी मदद से ऐसे रोबोट्स का विकास कर रहे हैं, जो असेंबली और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे जटिल कार्य कर सकते हैं। चीन सरकार ने इस क्षेत्र में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।

गूगल का जेमिनी रोबोटिक्स मॉडल गूगल डीपमाइंड ने जेमिनी रोबोटिक्स नामक एक नया एआई मॉडल विकसित किया है, जो रोबोटिक्स एप्लीकेशन्स के लिए अनुकूलित है। यह मॉडल नई स्थितियों को समझने और कई कार्यों को बिना प्रशिक्षण के करने में सक्षम है। जेमिनी रोबोटिक्स-ER संस्करण, जो एम्बाइडेड रिसनिंग पर आधारित है, भी लॉन्च किया गया है।

एआई के लिए 10 अरब डॉलर का केबल प्रोजेक्ट मेटा ने हाल ही में वॉटरवर्थ प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जिसके तहत 10 अरब डॉलर की लागत से बड़े पैमाने पर अंडर-सी (समुद्र की सतह के नीचे) केबल बिछाई जाएगी। यह केबल भारत, अमेरिका, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को आपस में जोड़ेगी। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य एआई और इंटरनेट ट्रैफिक में हो रही भारी वृद्धि को सुचारू रूप से संभालना है। भारत के लिए यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इससे भारत में क्लाउड सेवाएं तेज और आसान होंगी, एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा और देश का डिजिटल इकोनॉमी में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत स्थान बन सकेगा। मेटा का यह कदम एआई और टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में अहम योगदान दे सकता है।

# समय की हानि से बड़ी और कोई हानि नहीं है - जेनो ऑफ सीटियम



**जेनो ऑफ सीटियम साइप्रस, सिटियम के हेलेनिस्टिक दार्शनिक थे। स्टोइक दर्शनशास्त्र के संस्थापक थे, जिसे उन्होंने 300 ई.पू. में एथेंस में पढ़ाया था।**

1. हमारे पास दो कान और एक मुंह है, इसलिए हमें बोलने से अधिक सुनना चाहिए। 2. मनुष्य स्वयं पर विजय प्राप्त करके संसार पर विजय प्राप्त कर सकता है। 3. जीवन का उद्देश्य प्रकृति के अनुरूप जीवन जीना है। 4. एक मित्र हमारा दूसरा रूप होता है। 5. हमारे लिए समय की हानि से अधिक खेदजनक और कोई हानि नहीं होनी चाहिए, क्योंकि उसे वापस नहीं पाया जा सकता। 6. पैरों से ठोकर खाना बेहतर है, बजाय जुबान से। 7. अपनी संवेदनाओं को मजबूत बनाओ, ताकि जीवन तुम्हें कम से कम चोट पहुंचा सके। 8. खुद को धोखे में रखने से अधिक ज्ञान को बाधित करने वाला और कुछ भी नहीं होता। 9. कोई भी बुराई सम्मानजनक नहीं होती; लेकिन मृत्यु सम्मानजनक है, इसलिए मृत्यु बुराई नहीं है। 10. खुशी जीवन के एक अच्छे प्रवाह का नाम है। 11. भाग्य के द्वारा चीजें अस्तित्व में आती हैं; वह तर्क या सूत्र है जिससे यह संसार चलता है।

# आत्मिक स्तर पर स्वयं को स्वस्थ रखें

**अपने भावों को स्वीकार कर उन्हें महसूस भी करें। आत्मिक स्तर पर स्वयं को ठीक रखना, हमारी आत्मा से एक गहरा संबंध स्थापित करना है। मानसिक स्तर पर हम तब खुश होते हैं, जब हम अपने मूल विश्वासों को पहचानते हैं और गहन समझ के लिए स्वयं को खोलते हैं। भावनात्मक उपचार तब होता है जब हम अपने भावों को स्वीकार कर महसूस करते हैं। शारीरिक स्तर पर हम तब चंगे होते हैं जब अपने शरीर का सम्मान कर उसकी देखभाल करते हैं।**



कभी-कभी हम धैर्यवान होने का दिखावा करते हैं इंतजार एक निष्क्रिय अवस्था है। इसके लक्षण होते हैं- अपनी जिंदगी को रोक देना, यह सोचना कि अगली बड़ी चीज आने वाली है, अपने भीतर के बजाय बाहर देखना। वहीं इसकी तुलना में धैर्य है देरी को स्वीकारना, शांत और विचारशील स्थिति, आत्ममंथन और मौन का समय। धैर्य एक गुण है। यह एक शक्तिशाली मानसिक अवस्था है, लेकिन कभी-कभी हम धैर्यवान होने का दिखावा भी करते हैं। स्वयं को व दूसरों को सहज स्वीकार करें हमारे जीवन में जो लोग कठिन होते हैं, वे अक्सर बहुत ताकतवर प्रतीत होते हैं। लेकिन यह ताकत हमने उन्हें दी है। हम अपने सुख, स्वतंत्रता और शांति उस कठिन व्यक्ति को सौंप देते हैं। हमें यह भ्रम होता है कि जब वह कठिन व्यक्ति हमारी जिंदगी से चला जाएगा तभी हम खुश होंगे। यह तलाश कितनी निरर्थक है। सच्ची स्वतंत्रता और शांति तब आती है जब हम स्वयं को और दूसरों को स्वीकार करना सीखते हैं। खुला दिल और दिमाग रखना इसलिए बेहद जरूरी होता है जब आप किसी के बारे में निर्णय लेते हैं, तो आप अनजाने में घटनाओं की एक श्रृंखला को गति देते हैं। आप एक ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ जाते हैं, बिना यह महसूस किए कि आपकी ऊर्जा अब ऐसे रास्तों पर जा रही है जहां आप उसे ले जाना नहीं चाहते। निर्णय का मतलब होता है अंतिम बिंदु। एक बार जब आप किसी निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,

# शारदा कॉरिडोर बनेगा श्रद्धा, संस्कृति और समृद्धि का केंद्र

**नैनीताल ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा लोहियाहेड स्थित कैम्प कार्यालय में शारदा कॉरिडोर विकास परियोजना की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परियोजना से संबंधित सभी कार्यों को जनता की अपेक्षाओं एवं स्थानीय आस्था के अनुरूप करने के निर्देश दिये।



समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

शारदा कॉरिडोर विकास परियोजना का उद्देश्य लगभग 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का समग्र विकास करना है, जिससे यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त और आकर्षक बन सके। मुख्यमंत्री ने परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित 38 प्रमुख कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यों में शारदा घाट का पुनर्विकास, सिटी ड्रेनेज प्लान, रणकोची माता मंदिर का पुनरुद्धार, बनबसा में हेलीपोर्ट का विकास, चूका से चल्थी माउंटेन बाइक ट्रेल निर्माण, बनबसा में अंतरराष्ट्रीय सीमा बाजार का विकास, श्रद्धा पथ नदी तट का सौंदर्यीकरण, शारदा रिवरफ्रंट के लिए मास्टर प्लान और एयरो स्पोर्ट्स सुविधाओं का सृजन शामिल हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए और डिज़ाइन एवं ढांचा क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति एवं स्थापत्य शैली के अनुरूप तैयार किया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को क्षेत्र में स्थानीय कार्यालय स्थापित करने के भी निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्यों में तेजी आए और अनावश्यक विलंब न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में लोहाघाट स्थित विवेकानंद सर्किट का विकास एवं माँ वाराही धाम को स्पिरिचुअल ज़ोन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने तथा सेना, पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के वीर शहीदों के सम्मान में 'शौर्य स्थल' विकसित करने के निर्देश भी दिये।

# कामरेड नफीसुद्दीन ने अपनी पूरी ज़िंदगी अवाम की ख़िदमत के लिये वक़्फ़ कर दी - शेख सुलेमान

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** सपा के कांठ विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के वालिद कामरेड नफीसुद्दीन चौधरी के इंतेकाल पर पूर्व विधायक व सपा के राष्ट्रीय सचिव शेख सुलेमान की कोठी पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर शेख सुलेमान ने कहा कि कामरेड नफीसुद्दीन चौधरी एक सादा तबियत, खुश-अखलाक और दोस्त शख़्सियत थे। उन्होंने हमेशा गरीबों, मजलूमों और बेसहारा लोगों की खिदमत को अपनी जिंदगी का मकसद बनाया। नफीसुद्दीन चौधरी का किरदार ईमानदारी, सच्चाई और इंसाफ़ की मिसाल था। वे हमेशा इल्म और तालीम के फरोग़ के लिए कोशिश करते रहे और नौजवानों को अच्छी तालीम हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उनका जाना समाज और सियासत दोनों के लिए बहुत बड़ी कमी है। वहीं, सपा नेता इस्लामुद्दीन ने कहा कि कामरेड नफीसुद्दीन जैसे लोग बहुत कम होते हैं जो मजलूमों, गरीबों और बेसहारा लोगों की आवाज़ बनते हैं। शोकसभा के दौरान मरहूम के लिए दुआ-ए-मग़फ़िरत की गई। इस मौके पर शेख अब्दुल वाहिद, यासिर एडवोकेट, शेख निज़ाम, सरदार मलकीत सिंह, रमेश सिंह राहसिया, शेख अब्दुल, मौ. फैसल, मौ. शाहिद, शेख हसीब अहमद समेत कई सामाजिक और राजनीतिक शख़्सियतें मौजूद रहीं।



का. नफीसुद्दीन का फाइल फोटो।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो ने आयोजित किया 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम




**नैनीताल ( चिंगारी )।** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), नैनीताल केंद्र द्वारा कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीएसए अकादमी, आर.के. टेंट हाउस रोड स्थित सभागार में किया गया जिसमें हल्द्वानी के महापौर गजराज सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

महापौर बिष्ट ने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा यदि हर बच्चा और हर नागरिक यह संकल्प ले कि अपने आस-पास की सफाई हमारी आदत और जिम्मेदारी है तो स्वच्छता स्थायी रूप से कायम रह सकती है। आज के कार्यक्रम के बाद हमें यह निश्चय करना चाहिए कि कम से कम अपने घर, गली या एक निश्चित स्थान को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी स्वयं उठाएं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक पांडे, तत्वयोगा केंद्र की निदेशक तनीषा, तथा डीएसए के प्रबंधक नितिन पांडे उपस्थित रहे। केंद्रीय संचार ब्यूरो की नोडल अधिकारी श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने बताया कि हमारी संस्कृति में स्वच्छता को सेवा माना गया है। यह केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति हमारा कर्तव्य है। भारत सरकार का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से सामूहिक जागरूकता, सहभागिता और स्वयंसेवी भावना को प्रोत्साहित करना है।

# मनरेगा रोजगार सेवक पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम लैदरपुर पंचायत मुबारकपुर टप्पा भारती निवासी हरिशंकर 'शास्त्री' ने जिला अधिकारी बिजनौर को मनरेगा रोजगार सेवक बबीता शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायत की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बबीता शर्मा ने बिना कार्य कराये लाखों रुपये मनरेगा खातों से निकाले और यह रकम अपने परिचित मजदूरों के बैंक खातों में भेजकर कमीशन देकर वापस ले ली। आरोप है कि इस पूरे मामले में बबीता शर्मा का पति मुख्य भूमिका निभाता है, जो मजदूरों से पैसे वापस लेकर आता है। हरिशंकर शास्त्री का कहना है कि इस मामले में अब तक तीन बार जांचें हो चुकी हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के स्पष्ट सबूतों और गवाहों के बयान होने के बावजूद प्रशासन ने कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मनरेगा डिप्टी कमिश्नर तक पहुंच होने के कारण जांच रिपोर्टों पर भी कार्रवाई रोक दी जाती है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले पांच वर्षों में जो भी कार्य मनरेगा के तहत दर्ज हैं, वे धरातल पर नजर नहीं आते, जबकि उन कार्यों के नाम पर लाखों रुपये सरकारी खाते से निकाले गए हैं। हरिशंकर 'शास्त्री' ने डीएम बिजनौर से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि मनरेगा जैसी गरीबों के हित की योजना भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़े।

**डीएम को ज्ञापन देकर की जांच की मांग**

# ओवरब्रिज न होने के कारण, जाम बना परेशानी का सबब

**अश्मनी विश्नोई**

**स्योहारा ( चिंगारी )। नूरपुर मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक पर घंटों घंटों तक जाम लगा रहता है । परेशान जनता एक ही सवाल कर रही है कि आखिर कब ओवरब्रिज का निर्माण होगा । जब भी कोई रेलगाड़ी पास होती है तभी इस मार्ग पर जाम की स्थिति हो जाती है। पिछले दिनों शहर में चर्चा चली थी कि ओवर ब्रिज निर्माण शुरू होने वाला है, लेकिन अभी तक स्थिति देखकर लगता है कि ओवर ब्रिज निर्माण नहीं होने वाला है।**

## जाम से समय की बर्बादी



ओवरब्रिज न बनने से जो व्यापारी व्यापार के काम से दिल्ली व मेरठ जाते हैं, उन्हें जाम मिलता है और घंटों तक जाम में फंसे व्यापारियों का समय खराब हो जाता है । जल्द ही ओवरब्रिज निर्माण से नगर के व्यापारियों के साथ साथ आमजन को भी राहत मिलेगी।

**अरूण कुमार वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष**
**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल**

## "जब भी नूरपुर रोड पर जाता हूं, जाम मिलता है



मैं जब कभी भी नूरपुर मार्ग पर जाता हूं तब जाम मिलता है । ऐसे में जरूरी काम से जाने वालों को घंटों इंतजार करना पड़ता है । पिछले कई महिनों से सुन रहे हैं कि मिट्टी जांच के लिए गयी है। इसी तरह लोगों को झूठी चर्चाओं में रखा जा रहा है। टीम आती है। निशान लगाए जाते है और फिर कोई नहीं देखता है। ये गलत है। ओवरब्रिज का निर्माण होने से लोगों को राहत मिलेगी।

**डॉ. राजबहादुर शर्मा लोकतंत्र सैनानी**

## ओवर ब्रिज निर्माण ही समस्या का समाधान



ओवरब्रिज का निर्माण बहुत जरूरी है । सुनने में आया है कि टेंडर पास हो गया है लेकिन निर्माण कार्य मे देरी हो रही है। ओवरब्रिज न होने के कारण बहुत परेशानी है। नैनीताल की ओर से बहुत से रोगी दिल्ली रैफर किए जाते हैं, जो इसी मार्ग से दिल्ली की ओर जाते हैं। ओवरब्रिज बनने से परेशानी का समाधान हो जाएगा

**डॉ. मनोज वर्मा वरिष्ठ चिकित्सक**
**सरंक्षक प्रेस क्लब, स्योहारा**

## अभिशाप है रेलवे फाटक



लाईन से दूसरी साइड बसे गांवों के लोगों के लिए रेलवे फाटक एक अभिशाप है । जब भी कोई बीमार होता है और उसे उपचार के लिए ले जाते हैं, तो जाम व रेलवे फाटक के कारण समय से उपचार नही मिल पाता जिससे कई बार रोगी दम तोड़ जाता है। ओवरब्रिज का निर्माण हुआ तो ये हमारे लिए बहुत अच्छा होगा।

**विशाल चौहान उर्फ पधान**

# 'मैं शोभा सुन के आया, ऊंचा दर बाबे नानक दा'

## प्रभातफेरी का हुआ स्वागत, स्वागतकर्ताओं को किया सरोपा भेंट

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाशोत्सव के संबंध में आज बुधवार को निकाली गई प्रभात फेरी में गुरमुख परिवारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पंजाबी कॉलोनी के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुबीर सिंह, गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के निर्देशन में निकाली गई प्रभात फेरी का पहला स्वागत दुर्गा विहार कॉलोनी मे जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा के आवास पर किया गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार तनप्रीत सिंह मोगा, सरदार रविंद्र सिंह सिडाना, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार गगनदीप सिंह चावला, सरदार गुरमीत सिंह गांधी राजू आदि ने सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा, बीबी मनजीत कौर सलूजा, सरदार हरभजन सिंह सलूजा मिनिस्टर, बीबी अमरजीत कौर सलूजा, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, पूर्व पालिका सभासद बीबी जगमीत कौर सलूजा, सरदार अमनदीप सिंह सलूजा, बीबी कुलमीत कौर सलूजा आदि को सरोपा भेंट करके सम्मानित किया।

इस दौरान बीबी कुलमीत कौर सलूजा द्वारा उच्च उच्चारित किए गए गुरुवाणी कीर्तन 'मैं शोभा सुन के आया, ऊंचा दर बाबे नानक दा', के अलावा दर्शन कर लो जी प्रभात फेरी आई है' को सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा द्वारा नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उदित जैन, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मुरादाबाद मंडल प्रभारी जावेद रहमान शमसी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी का दूसरा स्वागत नगीना मार्ग पर गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन तथा भारतीय जनता पार्टी के धामपुर मंडल उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी, सरदार सतविंदर सिंह के परिवार की ओर से किया गया। यहां आयोजित लंगर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


प्रभात फेरी का स्वागत करते हुए सतवंत सलूजा।

## नगर पालिका ने ओपन जिम के उपकरणों की मरम्मत करायी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगरवासियों के बेहतर स्वास्थ्य, योग और व्यायाम के लिए राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद, धामपुर के शिवाजी पार्क के परिसर में ओपन जिम बनाया गया है ।परंतु पिछले तीन महीने पड़ी वर्षा के कारण जंग लगने से ओपन जिम के कई उपकरण जाम हो गए थे। इसके अलावा वहां लगे झूले भी टूट गए थे जिस कारण वहां एक्सरसाइज करने जाने वाली महिलाओं और बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला को अवगत कराया गया, तो उन्होंने शिवाजी पार्क के प्रभारी लिपिक नितिन कुमार अग्रवाल को इन उपकरणों को ठीक करने के लिए निर्देशित किया, जिस पर नितिन अग्रवाल ने कल मिस्त्री को बुलाकर शिवाजी पार्क में लगे हुए एक्सरसाइज के उपकरणों को ठीक कराया तथा टूटे हुए झूलों की मरम्मत कराकर उनको उपयोग में लाने हेतु बनवाया गया। उन्होंने बताया कि वर्षा के कारण यह उपकरण जाम हो गए थे जिनको अब नागरिकों की सुविधा के लिए ठीक करा दिया गया है, अब नगरवासी यहां पर आराम से आकर प्रकृति की हरियाली में मॉर्निंग वॉक करने के साथ योग और एक्सरसाइज भी कर सकते हैं।


शिवाजी पार्क में स्थित ओपन जिम में लगे उपकरणों को ठीक करते हुए मिस्त्री।

## वैश्य महासम्मेलन धूमधाम से मनायेगा भामाशाह जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** फल चौक स्थित लाला केदारनाथ अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक में 6 अक्टूबर के अग्रसेन जयंती कार्यक्रम को भव्य दिव्य बनाने के लिए सभी के सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ अमित गुप्ता नगर अध्यक्ष ने की। बैठक में डॉ. आदित्य अग्रवाल ने वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए सभी से भामाशाह जयंती मनाने की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने समाज में जिनको आवश्यकता है उनका सहयोग करने तथा वैश्य समाज के सभी उप वर्गों के कार्यक्रमों में सहभागिता करने पर बल दिया। कार्यक्रम में दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, पीयूष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अर्पित सिंघल, पंकज अग्रवाल मथुरा वाले, नमन जैन, संकेत अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अविनाश गोयल, सौरभ मित्तल, मनोज अग्रवाल, पराग अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ. आदित्य अग्रवाल।

## विद्युत पेंशनर्स की बैठक 3 नवम्बर को

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश की धामपुर शाखा के अध्यक्ष हर प्रसाद व सचिव होरी सिंह त्यागी ने प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि 3 नवंबर, सोमवार को प्रातः 11 बजे यूनियन कार्यालय में स्मार्ट मीटर लगाने संबंधी विषय पर बैठक आयोजित की जाएगी।

## विशेष अभियान चलाकर वाहनों पर लगाया जायेगा रिफ्लेक्टर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष स्वर्गीय अंकित नरवाल की स्मृति में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा शुरू किए गए रिफ्लेक्टर अभियान को गति देने के लिए आज गन्ना समिति बिजनौर के सभागार में सभी शुगर मिलों के अधिकारियों के साथ जिला गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण तथा प्रवर्तन अधिकारी गौरी शंकर की मौजूदगी में एक मीटिंग की गई और सभी शुगर मिल के अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक गन्ने के वाहन पर रिफ्लेक्टर लगाने हेतु एक अभियान चलाया जाए। सभी ट्रकों और ट्रालों पर रिफ्लेक्टर लगे हुए बड़े-बड़े लाल कपड़े बांधे जाएंगे तथा किसानों के सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के लिए 10 नवंबर से 20 नवंबर तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक वाहन पर रिफ्लेक्टर लग जाए। इस अभियान को जनवरी माह में दूसरी बार फिर चलाया जाएगा। कोई भी वाहन ऐसा नहीं छोड़ा जाएगा जिस पर रिफ्लेक्टर न लगा हो। संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष युवा दिगंबर सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, अतुल कुमार, समर पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## हरकत की ज़लील, शिवलिंग पर सामग्री डाली अश्लील

**धामपुर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम कुंडीपुरा केदारपुर के शिव मंदिर परिसर में लगे शिवलिंग पर किसी शरारती तत्व द्वारा अश्लील सामग्री डाले जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की।

ग्रामीणों ने बताया कि आज प्रातः 6 बजे जब कुछ महिलाएं मंदिर में पूजा अर्चना करने गई तो शिवलिंग पर जल अर्पित करते समय वहां उन्हें अश्लील सामग्री मिली, जिसकी जानकारी उन्होंने मंदिर के पुजारी को दी जिस पर उन्होंने आकर देखा और इसके बारे में ग्रामीणों को बताया। सूचना पाकर ग्राम कुंडीपुरा केदारपुर के अनेक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना पर रोष व्यक्त किया। सूचना पाकर पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया और उन्होंने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो पता चला कि वह खराब पड़ा हुआ है। गांव कुंडीपुरा निवासी सानू, राहुल कुमार, आकाश कुमार, केपी सिंह, अतुल कुमार, सौरभ ठाकुर, मनोज चौहान आदि ने पुलिस को ज्ञापन देकर घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की। पुलिस ने ग्राम प्रधान व उनके पुत्र से भी इस घटना को लेकर पूछताछ की।


घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण।

# पेपर लीक मामले में जांच आयोग ने किया छात्र-छात्राओं से संवाद

## आयोग के समक्ष उठाये गये अनेक सवाल



कोटद्वार में मंगलवार को स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में नकल के आरोपों की जांच को लेकर आयोजित जन संवाद को संबोधित करते सेनि. न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पेपर लीक मामले की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग ने मंगलवार को नगर निगम प्रेक्षागृह में बेरोजगारों और अन्य लोगों से संवाद किया। इस दौरान जैमर की गुणवत्ता व गणित के अधिक प्रश्न पूछे जाने पर छात्र-छात्राओं व बेरोजगारों ने सवाल उठाये।

बीएड प्रशिक्षित महासंघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए थे तो वे काम क्यों नहीं कर रहे थे। सर्वप्रथम जैमरों को सही किया जाना चाहिए था। कहा कि पुलिस दरोगा भर्ती के लिए आर्ट, साइंस व कामर्स सहित सभी स्ट्रीमों के छात्र आवेदन करते हैं, लेकिन भर्ती परीक्षा में गणित के ही प्रश्न अधिक पूछे जाते हैं, जो गलत है। परीक्षा के पैटर्न को सभी के लिए एक जैसा बनाया जाना चाहिए और सरकारी विद्यालयों को ही भर्ती परीक्षाओं का केंद्र बनाया जाना चाहिए। वहीं बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि आयोग के कर्मचारियों को बर्खास्त कर नई नियुक्तियां की जानी चाहिए। कहा कि एक युवा लगन के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, लेकिन ऐन वक्त पर परीक्षा प्रश्न पत्र लीक हो जाता है, इससे सरकार की इच्छा शक्ति पर सवाल खड़े होते हैं।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र प्रमोद नेगी, नवीन कुमार, संजय कुमार आदि का कहना था कि परीक्षाओं की तैयारी करते समय मन में जो उत्साह रहता है वह परीक्षा के आगे खिसकने या रद्द होने से समाप्त हो जाता है। इसलिए प्रदेश सरकार को पूरी इच्छा शक्ति के साथ भर्ती परीक्षा करानी चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति यू सी ध्यानी ने कहा कि इन बातों को वे रिपोर्ट के माध्यम से सरकार के समक्ष रखेंगे। कहा कि स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के दौरान कथित पेपर लीक के आरोप की जांच की जा रही है। हल्द्वानी, काठगोदाम, रुद्रपुर व हरिद्वार में लोक सुनवाई और जनसंवाद कार्यक्रम किया जा चुका है। सभी सुझावों पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कहा कि नकल के संबंध में किसी के पास कोई जानकारी या साक्ष्य है तो वह प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में गठित एसआईटी जांच कर रही है। सरकार ने सीबीआई से भी जांच कराने का फैसला किया है। इस अवसर पर तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य और विभिन्न कोचिंग संस्थानों के संचालक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र मौजूद रहे।

## अन्तर्विद्यालीय बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता में नवयुग पब्लिक स्कूल बना चैम्पियन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर मोटाढाक स्थित नवयुग पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानाचार्य स्व. शैली नेगी की स्मृति में आयोजित दसवीं अंतर्विद्यालीय बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता मेजबान नवयुग पब्लिक स्कूल ने जीत ली है। फाइनल में नवयुग पब्लिक स्कूल ने डैफोडिल स्कूल को हराया।

सोमवार को विद्यालय के प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गये। मैचों का आरंभ विद्यालय के संस्थापक हुकम सिंह नेगी और मुख्य अतिथि डॉ. अपाला बड़ूनी ने किया। तत्पश्चात पहला सेमीफाइनल नवयुग पब्लिक स्कूल व एमकेवीएन के बीच खेला गया। नवयुग पब्लिक स्कूल ने शानदार खेल दिखाते हुए एमकेवीएन को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डैफोडिल ने राइजिंग सन को 2-1 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में नवयुग पब्लिक स्कूल ने डैफोडिल स्कूल को 2-1 से हराकर ट्राफी जीती। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर डैफोडिल स्कूल की सुहानी को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, नवयुग की इशिका को सर्वश्रेष्ठ स्मेसर, इसी विद्यालय की अनामिका को सर्वश्रेष्ठ सेंटर प्लेयर व एमकेवीएन की माही को सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाडी का पुरस्कार मिला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीलम नेगी, प्रशासक अर्पिता नेगी व खेल संयोजक संतोष ध्यानी व प्रतिमा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पर्यटन-तीर्थाटन को बढ़ावा देने का धामी सरकार का प्रयास लाने लगा रंग

**नैनीताल ( चिंगारी )।** पर्यटन-तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए जारी पुष्कर सिंह धामी सरकार के प्रयास रंग लाने लगे हैं। बीते तीन साल उत्तराखंड में 23 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। इससे होम स्टे, होटल, ढाबा संचालकों, महिला स्वयं सहायता समूहों से लेकर परिवहन कारोबारियों तक की आजीविका को सहारा मिला है। खास बात यह है कि उत्तराखंड का पर्यटन अब बहुआयामी हो चला है पर्यटक बड़े शहरों और चुनिंदा हिल स्टेशन तक ही सीमित नहीं बल्कि दूर दराज के छोटे-छोटे पर्यटक स्थलों तक भी पहुंच रहे हैं। इसी के साथ राफ्टिंग, ट्रैकिंग, बंजी जम्पिंग, पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियों में भी देश ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों की भी भागीदारी बढ़ी है। इससे पर्यटन का लाभ प्रदेश के लाखों लोगों तक प्रत्यक्ष तौर पर पहुंच रहा है।

### पिछले तीन साल में 23 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे उत्तराखंड

प्रदेश में इस समय छह हजार अधिक होम स्टे संचालक सीधे तौर पर बढी हुई पर्यटन गतिविधियों के सीधे लाभार्थी बनकर उभरे हैं। तीर्थाटन भी बूम पर प्रदेश में तीर्थाटन गतिविधियां भी काफी बढ़ गई है।

इस वर्ष अब तक चारधाम यात्रा में ही तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख को छू रही है। केदारनाथ, यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस साल 4300 से अधिक घोड़े व खच्चर संचालकों ने अपनी सेवाएं दी। प्रदेश सरकार अब शीतकालीन यात्रा को भी बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा से भी पिथौरागढ़ के सीमांत क्षेत्र में तीथार्टन, पर्यटन तेजी से बढ़ा है। पर्यटन उत्तराखंड की आर्थिकी आधार है। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा पर्यटन- 'तीर्थाटन का लाभ सीधे तौर पर स्थानीय लोगों को मिलता है इसलिए सरकार वर्षभर पर्यटन एवं तीर्थाटन गतिविधियों को जारी रखने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरों से उत्तराखंड में तीर्थाटन- पर्यटन को बल मिला है।

## विद्यालयों को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता : ऋतु खंडूड़ी

### जीजीआईसी में निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने मंगलवार को बद्रीनाथ मार्ग स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 8.55 लाख की लागत से बने मंच के ऊपर टीन शेड एवं फर्श निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विद्यालय की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोटद्वार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की मंच और टीन शेड निर्माण कार्य की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हुई है। कहा कि विद्यालयों को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता रही है। पिछले तीन सालों में उनके द्वारा कोटद्वार के राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों व महाविद्यालयों के भवनों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। तत्पश्चात उन्होंने कॉलेज के प्रांगण में बन रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास की बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। इस अवसर अधिशासी अभियंता श्रीपति डोभाल, खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद, प्रधानाचार्य बबीता भंडारी, मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, प्रेमा खंतवाल, हरि सिंह पुंडीर और संग्राम सिंह भंडारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

## एएसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती निहारिका सेमवाल ने कोतवाली लैंसडाउन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम थाना परिसर का विस्तृत भ्रमण करते हुए समस्त व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया किया। इस दौरान थाना कार्यालय, शस्त्रागार, मालखाना, हवालात, बैरक, मेस, कम्प्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस प्रणाली एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया। श्रीमती सेमवाल ने सभी अभिलेखों, अभ्यावेदन, वर्दी, अनुशासन तथा साफ-सफाई की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही थाने पर लंबित मुकदमाती वाहनों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं उपकरणों के सक्रिय रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

इस अवसर पर उन्होंने थाना स्तर पर अनुशासन, स्वच्छता और रिकॉर्ड प्रबंध के रखने के साथ ही सभी कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिये।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com




बाबूसिंह चौहान द्वारा स्थापित बिजनौर जिले से प्रकाशित
हिंदी समाचार-पत्र सांध्य दैनिक




# चिंगारी के निरंतर प्रकाशन के 40 वर्ष पूर्ण होने पर

## हार्दिक शुभकामनाएं

एवं चिंगारी की रिपोर्टिंग/पत्रकारिता के 30 वर्ष पूर्ण करने पर



# पत्रकार एस.एम. असलम

को **बहुत-बहुत बधाई**

शुभाकांक्षी- **रीता देवी**

(सीडीपीओ)




**बाल विकास परियोजना अधिकारी**
**अफजलगढ़, जनपद-बिजनौर**

---




दैनिक समाचार-पत्र सांध्य दैनिक

## चिंगारी

की 40वीं वर्षगांठ पर




एवं वरिष्ठ पत्रकार/समाजसेवी




**एस.एम. असलम**
को पत्रकारिता के
30 वर्ष होने पर

## हार्दिक शुभकामनाएं

शुभाकांक्षी



**राकेश कुमार**
सहायक अध्यापक
सं.वि.-जयसिंह जोत



**आर्यन गहलौत**
शिक्षक पुत्र
स्टूडेंट-बीटेक (सी.एस.)

---







अवाम के बीच बेहद मकबूल अख़बार
सांध्य दैनिक चिंगारी की
40वीं सालगिरह पर

## दिली मुबारकबाद

मिनजानिब

**हकीम मौलवी मौ. इस्माईल**
फ़ाज़िल-ए-तिब (रजि.)
निकट- जामा मस्जिद, अफ़ज़लगढ़



---







लोकप्रिय सांध्य दैनिक समाचार-पत्र चिंगारी
की 40वीं वर्षगांठ पर चिंगारी परिवार को

## हार्दिक बधाई

एवं पत्रकारिता का 30 वर्ष का एक
लम्बा सफर पूर्ण करने पर




एस.एम. असलम को दिली मुबारकबाद
मिनजानिब-

## मौ. रिज़वान



प्रधानपति- ग्राम पं. मेघपुर
ब्लॉक अफ़ज़लगढ़